mediaauditornews@gmail.com mediaauditor Epaperdainikmediaauditor.in mediaauditor वर्ष-05 अंक-227 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

सतना

19 अगस्त 2025 मंगलवार

दैनिक मीडियाऑडीटर

सतना, रीवा एवं मनेन्द्रगढ़ से एक साथ प्रकाशित

## कौन भारत के साथ-कौन नहीं, ऑपरेशन सिंदूर से स्पष्ट हुआ

### रक्षा मंत्रालय के पूर्व सलाहकार का बयान

**छत्रपति संभाजीनगर, एजेंसी ।** रक्षा मंत्रालय के पूर्व प्रधान सलाहकार और लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) विनोद खंडारे ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने यह स्पष्ट कर दिया कि कूटनीतिक स्तर पर भारत के साथ कौन खड़ा है और कौन नहीं। उन्होंने कहा कि युद्ध की कीमत होती है और इससे देश की अर्थव्यवस्था पर दबाव पड़ता है। उन्होंने जोर दिया कि नागरिक सुरक्षा (सिविल डिफेंस) पर बहुत काम करने की जरूरत है, क्योंकि यह एक कमजोरी बनी रहेगी। लेफ्टिनेंट जनरल खंडारे रविवार को महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में एक कार्यक्रम में शामिल हुए, ताकि जनता से ऑपरेशन सिंदूर पर संवाद किया जा सके। यह कार्यक्रम एक स्थानीय एनजीओ ने आयोजित किया था।

**ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकी ठिकानों को बनाया गया निशाना :**इस साल 22 अप्रैल को दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने हमला किया था। 26 लोगों की नृशंस तरीके से हत्या कर दी गई थी। हत्या से पहले उनके धर्म की पहचान की गई थी। इसके जवाब में भारतीय ने सेना ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया और पाकिस्तान व पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) नौ आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त किया था।

## कोच्चि में टेकऑफ से पहले एअर इंडिया प्लेन में खराबी,दिल्ली जाने वाली फ्लाइट रद्द

### इसमें सवार सांसद बोले- लगा विमान रनवे पर फिसल गया

**कोच्चि,एजेंसी।** केरल के कोच्चि एयरपोर्ट पर सोमवार रात एअर इंडिया के प्लेन में टेकऑफ से पहले खराबी आ गई। फ्लाइट कोच्चि से दिल्ली जाने वाली थी। कोच्चि इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (CIAL) ने बताया कि तकनीकी खराबी के कारण फ्लाइट कैंसिल करनी पड़ी। एअर इंडिया ने अपने बयान में बताया कि फ्लाइट संख्या AI504 में उड़ान भरने के दौरान तकनीकी खराबी का पता चला। कॉकपिट क्रू ने प्रोटोकॉल का पालन करते हुए उड़ान नहीं भरने का फैसला किया और विमान को रखरखाव जांच के लिए वापस बे में ले आए। फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट फ्लाइटरडार24.कॉम पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, फ्लाइट संख्या AI504 को एयरबस A321 एयरक्राफ्ट से ऑपरेट किया जाना था। ने बताया कि अब एअर इंडिया दूसरे एयरक्राफ्ट से यात्रियों को दिल्ली भेजने की तैयारी कर रही है। फ्लाइट में एर्नाकुलम से कांग्रेस के लोकसभा सांसद हिबी ईडन भी सवार थे। ईडन ने फेसबुक पर एक पोस्ट में बताया, विमान्‌ द्व 504 में कुछ एबनॉर्मल था। ऐसा लगा जैसे विमान रनवे पर फिसल गया।

### दिल्ली के 3 स्लों को मिली बम की धमकी

## प्रशासन ने स्कूल खाली करवाए, बम स्क्वॉड पहुंचा ; जुलाई में भी मिले थे ईमेल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के 3 स्कूलों को सोमवार को बम की धमकी मिली। इसके बाद एहतियात के तौर पर स्कूलों को खाली करा दिया गया। इन स्कूलों में दिल्ली पब्लिक स्कूल, मॉडर्न कॉन्वेंट और श्रीराम स्कूल का नाम शामिल हैं।

दिल्ली फायर ब्रिगेड के अधिकारियों ने बताया कि उन्हें सुबह 7 बजे स्कूल के अंदर एक विस्फोटक उपकरण होने की सूचना मिली थी। दिल्ली पुलिस, बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वॉड की कई टीमें मौके पर पहुंचीं।तलाशी में पुलिस को कोई विस्फोटक नहीं मिला।

जुलाई महीने में दिल्ली समेत मुंबई और बेंगलुरु के स्कूलों को भी धमकी भरे ईमेल मिले थे, लेकिन ये मेल झूठे निकले। सुरक्षा एजेंसियों को स्कूलों में कुछ नहीं मिला।



**जुलाई में लगातार 5 दिन स्कूलों को मिले थे धमकी भरे ईमेल :** दिल्ली और बेंगलुरु में 18 जुलाई को 80 से ज्यादा स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। दिल्ली के 45 से ज्यादा स्कूलों को धमकी भरा ईमेल भेजा गया था। इनमें पीतमपुरा, द्वारका, पश्चिम विहार, रोहिणी, संगम विहार, समेत दूसरे इलाकों के स्कूल शामिल थे। राजधानी दिल्ली में 5 दिन के भीतर बम धमकी का यह चौथा मामला है। इससे पहले 14 जुलाई को दो, 15 जुलाई को तीन, 16 जुलाई को करीब 10 स्कूलों और दिल्ली यूनिवर्सिटी के सेंट स्टीफन्स कॉलेज को धमकी मिली थी। वहीं बेंगलुरु के भी 50 स्कूलों को बम की धमकी दी गई है। पुलिस ने बताया कि roadkil-lxxx नाम के यूजर ने सुबह 7.24 बजे 50 स्कूलों की ईमेल आईडी पर स्कूल के अंदर बम होने का मेल भेजा। सूचना मिलते ही पुलिस और बम निरोधक दस्ता अलग-अलग स्कूलों में जाकर जांच में जुट गया है।

## केंद्रीय मंत्री की वानर टिप्पणी पर भड़के शिक्षा मंत्री, बोले- इससे लोकतंत्र में विश्वास कम होगा



**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी।** केरल के शिक्षा मंत्री वी शिवनकुट्टी ने केंद्रीय मंत्री सुरेश गोपी की टिप्पणी पर कड़ी नाराजगी जाहिर की है। सुरेश गोपी ने मतदाता सूची में कथित छेड़छाड़ के खिलाफ आवाज उठा रहे लोगो को वानर कहा था। इस टिप्पणी के लिए केंद्रीय मंत्री की तीखी आलोचना हो रही है। सोशल मीडिया पर किए गए एक पोस्ट में शिवकुट्टी ने कहा कि यह टिप्पणी अपमानजनक, दुर्भाग्यपूर्ण और अलोकतांत्रिक है। उन्होंने कहा कि एक जनप्रतिनिधि के लिए यह टिप्पणी करना पूरी तरह से अनुचित है।

**राजनीतिक मतभेद भले हों, लेकिन व्यक्तिगत अपमान से बचना चाहिए :**शिवनकुट्टी ने कहा कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया की पारदर्शिता के लिए मतदाता सूची के बारे में शिकायतें करना जरूरी है। शिवनकुट्टी ने कहा कि ऐसी शिकायतें करने वालों का मजाक उड़ाना और उनकी निंदा करने से लोकतंत्र में नागरिकों का विश्वास कम होगा। उन्होंने कहा, सुरेश गोपी को अपनी टिप्पणी वापस लेनी चाहिए और जनता से माफी मांगनी चाहिए।

### या कहा था सुरेश गोपी ने

दरअसल कांग्रेस और वामपंथी दलों द्वारा मतदाता सूची में कथित छेड़खानी को लेकर आरोप लगाए हैं। इस पर पूछे गए सवाल पर केंद्रीय मंत्री सुरेश गोपी ने कहा कि मतदाता सूची में हेराफेरी के आरोपों पर उन्हें जवाब देने की कोई जरूरत नहीं है और भारत निर्वाचन आयोग उन्हें इस संबंध में जवाब देगा। साथ ही गोपी ने उन लोगों को वानर भी कहा, जिन्होंने उनके खिलाफ मतदाता सूची में हेराफेरी के आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि जिन वानरों ने आरोप लगाए हैं, वे जवाब पाने के लिए अदालत जा सकते हैं।

**जिला कांग्रेस कमेटी ने दर्ज कराई शिकायत :**जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जोसेफ ताजेत ने वानर वाली टिप्पणी की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी की संस्कृति उन्हें उसी भाषा में जवाब देने की इजाज़त नहीं देती। ताजेत ने आरोप लगाया कि केंद्रीय मंत्री अपनी गलतियों को छिपाने और लोगों का ध्यान भटकाने के लिए ऐसी टिप्पणी कर रहे हैं। ताजेत ने कहा कि केंद्रीय मंत्री ने आईना देखकर वानर वाली टिप्पणी की होगी और उनकी पार्टी किसी भी कीमत पर उन पर लगे आरोपों से पीछे नहीं हटेगी। कांग्रेस ने पिछले हफ्ते गोपी पर आरोप लगाते हुए उन पर 2024 के आम चुनाव के दौरान त्रिशूर लोकसभा क्षेत्र की मतदाता सूची में शामिल होने के लिए झूठा घोषणापत्र जमा करने का आरोप लगाया। कांग्रेस ने अभिनेता से नेता बने गोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत भी दर्ज कराई है।

## सैन्य प्रशिक्षण में दिव्यांग हुए नौजवानों की सुध लें, कोर्ट बोला- 40 हजार से नहीं चलता काम

**नई दिल्ली,एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केंद्र सरकार और सेना से उन कैडेट्स की स्थिति पर जवाब मांगा है जिन्हें सैन्य प्रशिक्षण के दौरान गंभीर चोट या दिव्यांगता के कारण मेडिकल आधार पर बाहर कर दिया गया था। अदालत ने कहा कि इन युवा कैडेट्स की हालत बेहद चिंताजनक है और सरकार को उनके लिए ठोस कदम उठाने चाहिए।

**बीमा और मुआवजे पर सवाल :**जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने केंद्र से पूछा कि क्या ऐसे कैडेट्स के लिए बीमा योजना शुरू की जा सकती है। अदालत ने कहा कि जब ये युवा कठिन और जोखिम भरे प्रशिक्षण से गुजरते हैं तो उनकी सुरक्षा की भी गारंटी होनी चाहिए। अभी कैडेट्स को केवल 40,000 रुपये तक का एक्स-ग्रेशिया (सहानुभूति राशि) दिया जाता है, जो कि उनकी चिकित्सा



जरूरतों के लिए काफी कम है। अदालत ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी से कहा कि केंद्र सरकार इस राशि को बढ़ाने पर विचार करे ताकि घायल कैडेट्स का सही इलाज हो सके।

**पुनर्वास और सम्मान की मांग :**सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को यह भी सुझाव दिया कि जो कैडेट्स दिव्यांग हो जाते हैं, उन्हें पूरी तरह से बाहर करने के बजाय रक्षा सेवाओं से जुड़े अन्य कामों जैसे डेस्क जॉब या प्रशासनिक कामों में शामिल किया जाए। अदालत ने कहा- हम चाहते हैं कि बहादुर कैडेट्स सेना में बने रहें। हम नहीं चाहते कि चोट या दिव्यांगता उनके करियर में बाधा बने।

**कैडेट्स की असली परेशानी :** सुप्रीम कोर्ट ने यह मामला 12 अगस्त को स्वतः संज्ञान में लिया था। यह कदम एक मीडिया रिपोर्ट के बाद उठाया गया, जिसमें बताया गया था कि 1985 से अब तक लगभग 500 कैडेट्स को मेडिकल आधार पर बाहर किया गया है। इनमें से ज्यादातर कैडेट्स आज भी महंगे इलाज के बोझ से जूझ रहे हैं, जबकि उन्हें केवल सीमित आर्थिक मदद मिल रही है। रिपोर्ट के अनुसार, सिर्फ नेशनल डिफेंस एकेडमी (एनडीए) में ही 2021 से जुलाई 2025 के बीच लगभग 20 कैडेट्स को मेडिकल आधार पर बाहर किया गया। इन कैडेट्स की सबसे बड़ी समस्या यह है कि उन्हें एक्स-सर्विसमैन (पूर्व सैनिक) का दर्जा नहीं मिलता। अगर उन्हें यह दर्जा मिल जाता, तो वे पूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना (ईसीएचएस) के तहत फ्री इलाज पा सकते थे। लेकिन मौजूदा नियमों के अनुसार, चूंकि ये कैडेट्स ऑफिसर के तौर पर कमीशन होने से पहले ही बाहर कर दिए जाते हैं, इसलिए वे इस सुविधा से वंचित रह जाते हैं।

**सिर्फ 40,000 रुपये का सहारा :**वर्तमान में, ऐसे कैडेट्स को उनकी दिव्यांगता की गंभीरता के आधार पर अधिकतम 40,000 रुपये प्रतिमाह तक एक्स-ग्रेशिया दिया जाता है। लेकिन मेडिकल खर्च, ऑपरेशन, फिजियोथेरेपी और दवाइयों की लागत इतनी अधिक होती है कि यह मदद नगण्य साबित हो रही है।

## मुंबई में भारी बारिश, स्कूल-कॉलेजों में छुट्टी,कई इलाकों में जाम

### हिमाचल में 400 सड़कें बंद, उत्तराखंड में गंगोत्री-यमुनोत्री हाईवे टूटा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्तराखंड, हिमाचल और जम्मू-कश्मीर में पिछले कई दिनों से बारिश जारी है। हिमाचल में 3 दिनों से जारी मूसलाधार बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। सतलुज नदी में उफान के कारण सुन्नी के ततापानी में सड़क टूटने से करसोग विधानसभा क्षेत्र का शिमला से संपर्क टूट गया है।


चंडीगढ़-मनाली फोरलेन समेत तीन राष्ट्रीय राजमार्ग और हिमाचल प्रदेश की 400 सड़कें बंद हैं। उत्तराखंड में गंगोत्री और यमुनोत्री हाईवे को बहने और टूटने की वजह से बंद कर दिया है। मुंबई में सोमवार को भारी बारिश से रेल और ट्रैफिक पर असर पड़ा है। कई जगह जाम की स्थिति है। मौसम विभाग ने शाम तक भारी बारिश का ऐलान किया है।

रविवार शाम 4 बजे हथिनीकुंड बैराज पर यमुना नदी का जलस्तर 1 लाख 78 हजार 996 क्यूसेक तक पहुंच गया। बैराज के सभी 18 गेट खोल दिए गए हैं, जिससे दिल्ली में यमुना का जलस्तर बढ़ गया है। पुराने रेलवे पुल पर जलस्तर 204.80 मीटर दर्ज किया गया। प्रशासन ने यमुना से सटे इलाकों में अलर्ट जारी किया है।

उधर, क्कके 20 जिलों में बाढ़ जैसे हालात हैं। मध्य प्रदेश के देवास-हरदा, खंडवा-बुरहानपुर समेत 14 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है।







### जमू के रामबन जिले में भू-स्खलन, जमू-श्रीनगर नेशनल हाईवे बंद

जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में भारी बारिश के कारण कई जगहों पर भू-स्खलन और पहाड़ियों से पत्थर गिरे। इसके बाद जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे को बंद कर दिया गया। यात्रियों को मौसम में सुधार और सड़क साफ होने तक यात्रा न करने की सलाह दी जाती है। भारी बारिश के कारण उधमपुर जिले में शारदा माता मंदिर के पास नेशनल हाईवे पर भू-स्खलन हुआ है, इसके अलावा मंकी मोड़ और रामबन जिले के मारूग इलाके में भी भू-स्खलन हुआ है। हाईवे से पत्थर हटाने और उसे यातायात योग्य बनाने के लिए लोग और मशीनें काम कर रही हैं।

### मुंबई में भारी बारिश, स्कूल-कॉलेजों में छुट्टी घोषित

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने मुंबई में सोमवार को भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। जगह-जगह पानी भरने से दोपहर 12 बजे के बाद शुरू होने वाले सभी स्कूलों और कॉलेजों में छुट्टी घोषित कर दी है। मुंबई नगर निगम प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे तभी घर से बाहर निकलें जब कोई बहुत आवश्यक काम हो। किसी भी मदद या आधिकारिक जानकारी के लिए, बृहन्मुंबई नगर निगम के मुख्य नियंत्रण कक्ष के हेल्पलाइन नंबर 1916 पर संपर्क करने को कहा है। 18 अगस्त को सुबह 08 :30 बजे से 11 :30 बजे तक टाटा पावर चेंबूर में 91.5 मिमी, विक्रोली में 78.5 मिमी, जुहू में 60 मिमी, शीव (सायन) 58.5 मिमी, बांद्रा में 50 मिमी, सांताक्रूज में 47.2 मिमी और कोलाबा में 29.0 मिमी बारिश हुई।

## गुजरात में दो कारें टकराने से 8 लोग जिंदा जले :सुरेंद्रनगर हाईवे पर हुआ हादसा, मरने वालों में 10 महीने की बच्ची भी शामिल

**सुरेंद्रनगर, एजेंसी।** सुरेंद्रनगर जिले के वढवाण-लखतर हाईवे पर रविवार की शाम 2 कारों की टक्कर के बाद आग लग गई, जिसमें 1 बच्ची समेत 8 लोग जिंदा जल गए। हादसे के बाद हाईवे पर जाम लग गया। हादसा इतना भीषण था कि कार के परखच्चे उड़े गए और वह सड़क किनारे खाई में जा गिरी। इस हादसे में कार सवार सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। टक्कर के बाद कार सड़क किनारे जा गिरी वढवाण पुलिस ने बताया कि यह हादसा वढवाण-लखतर हाईवे पर डेडादरा गांव के पास हुआ। हाईवे पर दो कारों की आमने-सामने से टक्कर हुई। टक्कर के बाद एक कार सड़क किनारे जा गिरी और उसमें आग लग गई। कार से एक व्यक्ति ही गंभीर हालत में बाहर निकल सका, लेकिन अस्पताल जाते समय उसकी भी मौत हो गई। सभी मृतक रिश्तेदार थे और कड़ू से सुरेंद्रनगर जा रहे थे। दुर्घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया।



## संसद परिसर में विपक्षी दलों का प्रदर्शन, बिहार में वोटर लिस्ट संशोधन को लेकर हंगामा

**नई दिल्ली,एजेंसी।** संसद के मानसून सत्र के बीच सोमवार को विपक्षी दलों के सांसदों ने संसद भवन परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया। विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लॉक के सांसदों ने बिहार में चुनाव आयोग द्वारा की जा रही मतदाता सूची संशोधन प्रक्रिया को संदिग्ध बताते हुए विरोध जताया। इस प्रदर्शन का नेतृत्व राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने किया। खरगे के साथ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी), द्रमुक (डीएमके), वामपंथी दलों, राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) और समाजवादी पार्टी (एसपी) के सांसद भी मौजूद रहे।

**नारेबाजी और पोस्टर के साथ प्रदर्शन :**इस दौरान प्रदर्शनकारी सांसदों ने संसद के मकर द्वार के बाहर बड़े-बड़े बैनर




और पोस्टर थाम रखे थे। इन बैनर पर लिखा था- वोट चोरी बंद करो, वहीं हाथों में लगे पोस्टरों पर वोट चोर, गद्दी छोड़, एसआईआर बंद करो जैसे शब्द लिखे थे। बता दें कि विपक्ष का आरोप है कि चुनाव आयोग की यह कवायद दरअसल बिहार में मतदाताओं को सूची से बाहर करने की चाल है, ताकि आने वाले विधानसभा चुनाव में सत्ताधारी दल को फायदा पहुंचाया जा सके।

**विपक्ष का आरोप और रणनीति :**कांग्रेस नेता नसीर हुसैन ने मीडिया से कहा कि विपक्ष हर लोकतांत्रिक तरीका अपनाएगा, ताकि देश के मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) का पद केवल निष्पक्ष और ईमानदार व्यक्ति के हाथों में रहे। सूत्रों के अनुसार, विपक्ष इस मामले को और आगे बढ़ाने के लिए सीईसी ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने पर भी विचार कर रहा है।

### संसद का गतिरोध

विपक्ष ने लोकसभा और राज्यसभा दोनों में एसआईआर के मुद्दे पर चर्चा की मांग की है। उनका कहना है कि बिहार में यह संशोधन अभ्यास जनता के वोट छीनने की साजिश है। इसे लेकर हर दिन विपक्ष के हंगामे और नारेबाजी के परिणामस्वरूप, 21 जुलाई से शुरू हुए मानसून सत्र में अब तक ज्यादातर कामकाज ठप रहा है। मानसून सत्र में सिर्फ ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा को छोड़कर, संसद की कार्यवाही बार-बार स्थगित हो रही है और महत्वपूर्ण विधायी काम आगे नहीं बढ़ पा रहा है।

## राजनाथ सिंह वरिष्ठ नेता, बातचीत की जरूरत होगी तो करेंगे, सीपी राधाकृष्णन की उम्मीदवारी पर अखिलेश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को एनडीए का उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाए जाने पर समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, उपराष्ट्रपति का पद खाली है। पहले जो उपराष्ट्रपति थे, वो अब कहां हैं एक नया उपराष्ट्रपति चुना जाएगा। यह एक अच्छी बात है। हम क्या फैसला लेंगे, यह अलग बात है। हम बैठकर तय करेंगे। उन्होंने कहा, राजनाथ सिंह एक वरिष्ठ नेता हैं। वह उत्तर प्रदेश से हैं। वह रक्षा मंत्री हैं। अगर वह बात करेंगे, हम बात करेंगे और अगर बातचीत की जरूरत होगी, तो हम बात करेंगे। लेकिन हमारी राजनीतिक लाइन स्पष्ट है। अब इंडिया ब्लॉक को फैसला करना है। चुनाव आयोग को लेकर अखिलेश यादव ने कहा, वह जानबूझकर पिछड़ी जातियों के वोट काटता है और मीडिया के जरिए यह दिखाया जाता है कि उन्हें पिछड़ों का समर्थन मिल रहा है, जबकि सच्चाई यह है कि उनके वोट ही काटे जा रहे हैं। हमारी सिर्फ इतनी मांग है कि अगर किसी जिलाधिकारी (डीएम) को सस्पेंड कर दिया जाए, तो पूरे देश में एक भी वोट नहीं कटेगा।

### सरकारी संपत्ति तोड़ने का अधिकार नहीं, निर्णायक कार्रवाई करनी पड़ेगी, ओम बिरला की विपक्ष को चेतावनी



**नई दिल्ली , एजेंसी।** संसद के मानसून सत्र के दौरान दोनों ही सदनों लोकसभा और राज्यसभा में विपक्ष ने जमकर हंगामा किया। संसद के निचले सदन में विपक्ष का बर्ताव आक्रामक होने की वजह से उन्हें लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने फटकार लगाई। उन्होंने चेतावनी दी कि विपक्ष के ऐसे बर्ताव की वजह से उन्हें निर्णायक कार्रवाई करनी पड़ सकती है। दरअसल, सदन में विपक्ष प्रश्नकाल के दौरान हंगामा कर रहा था। विपक्ष के नेता वेल तक पहुंच गए और नारेबाजी करने लगे। वे एसआईआर और अन्य मुद्दों पर विरोध दर्ज करा रहे थे। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा, यदि आप उसी ताकत से सवाल पूछते हैं जिसके साथ आप नारे लगा रहे हैं, तो यह देश के लोगों के लिए फायदेमंद होगा। लोगों ने आपको सरकारी संपत्ति को तोड़ने के लिए नहीं भेजा है और मैं आपसे अनुरोध करता हूं और आपको चेतावनी देता हूं कि किसी भी सदस्य को सरकारी संपत्ति को तोड़ने का विशेषाधिकार नहीं है। यदि आप सरकारी संपत्ति को तोड़ने की कोशिश करते हैं, तो मुझे कुछ निर्णायक फैसले लेने होंगे और देश के लोग आपको देखेंगे। कई विधानसभाओं में ऐसी घटनाओं के लिए सदस्यों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। मैं आपको फिर से चेतावनी देता हूं। सरकारी संपत्ति को नष्ट करने की कोशिश न करें। यह मेरा आपसे अनुरोध है।

# दिल्ली के इन इलाकों में बाढ़ का खतरा !, खतरे के निशान के पार बह रहा पानी; सीएम रेखा का दौरा



**नई दिल्ली,एजेंसी।** दिल्ली में यमुना नदी ने सोमवार को खतरे के निशान को पार कर दिया है। जिसे देखते हुए दिल्ली और आसपास के इलाकों में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। क्योंकि हरियाणा के हथिनीकुंड बैराज से लाखों क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। तेज बहाव के साथ पानी दिल्ली की ओर बढ़ रहा है। वहीं दिल्ली में दो दिनों से बारिश भी हो रही है। खतरे को देखते हुए अलर्ट जारी कर दिया गया है और यमुना किनारे टीमों को तैनात किया गया है।

ताजा अपडेट के मुताबिक, यमुना का जलस्तर खतरे के निशान 205.33 मीटर के पार पहुंच गए। हथिनीकुंड बैराज से दोपहर 12 बजे करीब 1.80 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। दोपहर 12 बजे यमुना का जलस्तर 205.24 मीटर पहुंच गया। वहीं आज से यमुना खादर से लोगों को निकालने का काम शुरू किया गया है। सभी थानों से यमुना किनारे रहने वाले सभी लोगों की सटीक जानकारी मांगी गई है। इसके अलावा यमुना के बढ़े जलस्तर की जांच करने सीएम रेखा गुप्ता का दौरा है। कुछ देर में बंध रोड गीता कॉलोनी बाढ़ नियंत्रण कक्ष और बोट क्लब, ड्रेन नंबर 12, यमुना तटों का मुख्यमंत्री निरीक्षण करेंगीं।

**दिल्ली में 2023 जैसी बाढ़ का खतरा मंडरा रहा :** यमुना का जलस्तर रविवार शाम 4 बजे 204.60 मीटर दर्ज किया गया जो चेतावनी के स्तर 204.50 मीटर से ज्यादा है। ऐसे में दिल्ली में फिर से 2023 की बाढ़ जैसे हालात बन रहे हैं। उस समय 45 साल का रिकॉर्ड टूटा था और यमुना का जलस्तर 208.48 मीटर तक पहुंच गया था। पहाड़ों पर लगातार हो रही भारी बारिश के कारण ऐसी आशंका है कि सोमवार-मंगलवार को आधी रात से दिल्ली में यमुना उफान पर होगी।

**दिल्ली सरकार ने जारी किया अलटः** रविवार शाम 4 बजे हरियाणा के हथिनीकुंड बैराज से एक साथ 1,78,996 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। करीब इसी अनुपात में निरंतर पानी आ रहा है जो रात करीब 2 बजे दिल्ली पहुंचेगा। इससे यमुना का जलस्तर 206 मीटर के पार जाने की आशंका है। इसकी चेतावनी जारी कर दी गई है। दिल्ली सरकार की ओर से यमुना के तटीय इलाकों में रह रहे लोगों को सावधान रहने और पानी बढ़ने पर लोगों को घर खाली करने के लिए सतर्क रहने के आदेश दे दिए गए हैं। प्रशासन ने यमुना के तटीय इलाकों में बाढ़ से निपटने की तैयारियां बढ़ा दी हैं। यमुना बाजार में नदी के किनारे दीवार को मजबूत किया गया है, ताकि पानी बढ़ने पर ये तेजी से बाजार में न घुस पाए, लेकिन यमुना बाजार के आसपास के सीवर अभी से ओवर फ्लो होने लग गए हैं। 2023 में 10 जुलाई को शाम 3 बजे यमुना का जलस्तर 205.10 मीटर था लेकिन हथिनीकुंड बैराज से एक साथ 2,15,677 क्यूसेक पानी छोड़ा गया और 11 जुलाई को दिल्ली में बाढ़ आ गई थी।

## 'शिक्षा मंत्री ने जलभराव की समस्या दूर करने के दिए निर्देश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने जनकपुरी स्थित सी ब्लॉक में बारिश के कारण जलभराव की शिकायतों के बाद रविवार को क्षेत्र का दौरा किया। दिल्ली जल बोर्ड, लोक निर्माण विभाग और पुलिस के अधिकारी भी मौजूद रहे। जलभराव के लिए उन्होंने पिछली सरकार के विधायक को जिम्मेदार ठहराया। शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने कहा, बरसात के कारण सी ब्लॉक में दो-दो फीट पानी भर गया था। कर्मचारियों को स्थायी समाधान के निर्देश दिए हैं। ताकि जलभराव की समस्या का सामना न करना पड़े। वहीं इस बीच सी ब्लॉक के स्थानीय निवासियों ने शिक्षा मंत्री को एक शराब की दुकान से होने वाली समस्याओं के बारे में भी अवगत कराया। इस पर मंत्री ने एसएचओ को तत्काल समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। इससे पहले दिल्ली में बृहस्पतिवार को कुल 818.1 मिमी बारिश दर्ज की गई, जो वार्षिक औसत 774.4 मिमी से अधिक है। इससे साल की शुरूआत हुई थी।

## पति की दरिंदगी- साथ जाने से मना किया तो पत्नी के चेहरे पर डाला तेजाब, पड़ोसी ले गए अस्पताल, आरोपी फरार



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्वी दिल्ली के पांडव नगर क्षेत्र में एक महिला ने पति के साथ ससुराल जाने से मना किया तो आरोपी ने उसके चेहरे पर तेजाब डाल दिया। महिला दर्द से छटपटाने लगी तो वहां मौजूद महिलाएं उसकी मदद को पहुंचीं और उसके चेहरे पर पानी डाला। बाद में पीड़िता को एलबीएस अस्पताल भेजा गया। इलाज के बाद पीड़िता को छुट्टी दे दी गई। पुलिस ने महिला का बयान लेकर मामला दर्ज कर लिया है। अब आरोपी की तलाश की जा रही है। पीड़िता का कहना है कि वह पिछले पांच-छह माह से बच्चों के साथ अपने मायके में रह रही थी। पुलिस के मुताबिक 30 साल की पीड़िता अपने चार बच्चों और माता-पिता के साथ कोटला गांव, पूर्वी दिल्ली में रह रही है। महिला ने 2011 में एक युवक से प्रेम विवाह किया था। उसका आरोप है कि उसका पति छोटी-छोटी बातों पर उसके साथ मारपीट करता है। परेशान होकर उसने मायके में रहना शुरू कर दिया। 12 अगस्त को आरोपी उसके मायके में पहुंचा और महिला से वापस ससुराल चलने के लिए कहने लगा। पीड़िता ने आरोपी के साथ जाने से मना कर दिया। इस बात पर आरोपी धमकी देकर वहां से चला गया। इस बीच शाम के समय पीड़िता किसी काम से बाहर निकली तो आरोपी ने मेन रोड पर उसके चेहरे पर तेजाब डाल दिया। पीड़िता के चेहरे और शरीर के बाकी हिस्सों पर तेजाब गिरा। सूचना मिलने के बाद क्राइम टीम के अलावा एफएसएल मौके पर पहुंची। तबीयत में सुधार होने के बाद पांडव पुलिस थाना पुलिस ने पीड़िता का बयान लेकर अब मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

## जीजा-साले की हत्या करने वाले चार गिरफ्तार

**पूर्वी दिल्ली, एजेसी** उत्तर-पूर्वी दिल्ली पुलिस ने जीजा-साले की हत्या के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जीजा के भेजने पर पहुंचे युवकों ने साले को इतना पीटा की मौत हो गई। भेद खुलने के डर से आरोपियों ने जीजा को भी मार डाला। पुलिस ने जीजा-साले की हत्या का खुलासा करते हुए चारों आरोपियों को पकड़ लिया है। इनकी पहचान सोनिया विहार निवासी विक्की तोमर, कासिम विहार, लोनी निवासी अशफाक और कासिम विहार, लोनी निवासी फैजान उर्फ खली और मोहम्मद मासूम उर्फ छोटू उर्फ राजू के रूप में हुई है। इस्तेमाल डंडा और चाकू बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है। उत्तर-पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त आशीष मिश्रा ने बताया कि 11 अगस्त की सुबह पुलिस को खजूरी खास इलाके में गली नंबर-26 के एक प्लॉट से रजी अहमद का शव मिला था। उसके शर ीर पर चाकू के कई निशान थे। उसकी दो पत्नी व चार बच्चे हैं।

पत्नी तबस्सुम न बताया कि 10 अगस्त की रात करीब 9.30 बजे कोई घर से बुलाकर रजी को अपने साथ ले गया था। इसके बाद वह वापस नहीं लौटा। खजूरी खास थाना पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी। अभी पुलिस मामले की जांच कर ही रही थी कि अगले दिन 12 अगस्त को दयालपुर के न्यू चौहानपुर से एक और शव मिला।उसकी पहचान आजाद एंक्लेव, पूजा कालोनी, लोनी निवासी शमी आलम के रूप में हुई। शमी के परिवार में पत्नी व तीन बेटियां हैं। वह ई-रिक्शा चलाता था।

**सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से खुला हत्या का राज :** दोनों हत्याएं एक दूसरे से लिंक हुई तो लोकल पुलिस के अलावा स्पेशल स्टाफ की टीम को भी मामले की जांच में शामिल किया गया। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगाला। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि 10 अगस्त को दिन में पहले रजी अहमद न्यू चौहानपुर स्थित रसोई से निकला था। इसके बाद चार युवक वहां से जाते हुए दिखे। टीम ने जब खजूरी खास रजी के घर के पास की सीसीटीवी फुटेज खंगाली तो वहां पर भी यह ही युवक दिखाई दिए। अब पुलिस को यकीन हो गया कि दोनों ही हत्याओं में इन युवकों का हाथ है।

**साथ बैठकर पार्टी करते थे दोनों आरोपीः** अक्सर चारों आरोपी रजी अहमद और शमी आलम के साथ पार्टी करते थे। पार्टी न्यू चौहानपुर स्थित रसोई में होती थी। 10 अगस्त को रविवार था। दिन में ही बैठकर लोग शराब पी रहे थे। इस बीच रजी ने अपने साले से उधार दिए गए दो लाख की डिमांड की। आना-कानी करने पर रजी दोस्तों से पैसे वसूलने की बात कर वहां से चला गया। चारों आरोपियों ने शमी से रुपयों की डिमांड की। बाद में आरोपियों ने उसके हाथ-पैर बांधकर उसके मुंह पर कपड़ा बांध दिया। रुपयों की मांग करते हुए आरोपियों उसकी डंडे से खूब पिटाई की। इससे उसकी मौत हो गई। आरोपी डर गए। इन लोगों ने शमी के शव को रसोई में छोड़ा और बाहर से ताला लगाकर फरार हो गए। आरोपियों को पूरा यकीन था कि जब रजी को पता चला कि शमी को इन लोगों ने जान से मार दिया है तो वह पुलिस को सब कुछ बता देगा। आरोपियों ने रजी की भी हत्या योजना बनाई। बाद में आरोपी रात के समय रजी के घर पहुंचे और उसे घर से बुलाकर उसकी हत्या कर दी। शव को खाली प्लॉट में ठिकाने लगा दिया गया।

# आईआईटी दिल्ली के छात्रों से नवाचार को बढ़ावा देने का आह्वान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान रविवार को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली में स्नातक, स्नातकोत्तर और डॉक्टरेट की पढ़ाई करने वाले छात्रों, शोधकर्ताओं और इनोवेटर से रूबरू हुए। छात्रों से आत्मनिर्भर भारत के लिए नवाचार को बढ़ावा देने का आह्वान किया। छात्रों से बातचीत के दौरान केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा, वर्तमान समय आत्मनिर्भरता प्राप्त करने की आवश्यकता पर जोर देने, राष्ट्रीय प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाने के लिए सामूहिक प्रयासों को गति देने और 2047 तक समृद्ध भारत के विजन को पूरा करने का अनूठा अवसर है। सरकार आने वाली पीढ़ियों के लिए उज्ज्वल भविष्य बनाने और भारत को समाधानों के वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए देश के इनोवेटर और शोधकर्ताओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है।

युवाओं की प्रतिभा, दृढ़ता और संकल्प के साथ-साथ आत्मनिर्भरता की खोज देश की क्षमताओं को मजबूत करने के साथ उसकी तकनीकी और आर्थिक संप्रभुता को बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त करेगी। केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने छात्रों से क्षमताओं को बढ़ाने और नवाचार की भावना का विस्तार करने पर भी विचार साझा किए। साथ ही छात्रों को नवीन विचारों को सामने लाने, चुनौतियों पर काम करने और हर क्षेत्र में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने तक प्रयास करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर उच्च शिक्षा विभाग के सचिव डॉ. विनीत जोशी, आईआईटी दिल्ली के निदेशक प्रो. रंगन बनर्जी और शिक्षा मंत्रालय और आईआईटी दिल्ली के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। यमुना का जलस्तर सुबह 10 बजे ही 206.34 मीटर के पार चला गया था। 11 जुलाई को फिर से एक साथ सबसे अधिक 3,44,035 क्यूसेक पानी हथिनीकुंड बैराज से छोड़ा गया। 12 जुलाई को यमुना का जलस्तर 207.38 मीटर था।भारी मात्रा में पानी छोड़ने से 13 जुलाई, 23 को दिल्ली में बाढ़ का 45 साल का रिकार्ड ध्वस्त हो गया था। दिल्ली में यमुना का जलस्तर 208.48 मीटर तक पहुंच गया था। बाढ़ का पानी कश्मीरी गेट आईएसबीटी के परिसर तक में पहुंच गया था। आउटर रिंग रोड पर रेलवे अंडरपास लबालब था।

# दिल्ली में तीन स्कूल और एक कॉलेज को बम से उड़ाने की धमकी, फायर ब्रिगेड और पुलिस टीम मौके पर मौजूद



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में एक बार फिर से स्कूल और कॉलेज को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इससे पहले भी दिल्ली के कई स्कूलों को धमकी भरे ईमेल चुके हैं। कई बार ये हॉक्स कॉल निकली हैं। दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) द्वारका, मॉडर्न कॉन्वेंट स्कूल द्वारका और ग्रेटर कैलाश स्थित ब्लू बेल्स स्कूल को सोमवार को बम से उड़ाने की धमकी भरी कॉल आई। अब खबर है कि एक कॉलेज को धमकी भरी ईमेल मिली है। वहीं दूसरी तरफ सागरपुर स्थित दीप मॉडल स्कूल को धमकी भरा मेल मिला है। धमकी के बाद पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां स्कूल के बाहर मौजूद हैं। जिसके बाद स्कूल परिसर खाली करा दिया गया है। तलाशी अभियान चल रहा है। बम की सूचना मिलते ही पुलिस, बम स्क्वायड और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंच चुकी है। दिल्ली अग्निशमन सेवा ने इसकी जानकारी दी है। जानकारी के लिए बता दें कि आज सुबह सुबह 7:24 पर कंट्रोल रूम को सूचना मिली थी। बम की सूचना पर एक अभिभावक ने कहा कि हमें स्कूल से बच्चों को वापस ले जाने का संदेश मिला था। उन्होंने कारण नहीं बताया। इसलिए हम अपने बच्चे को वापस लेने आए हैं। वहीं इससे पहले बीते महीने जुलाई में दिल्ली के 20 से ज्यादा स्कूलों को ईमेल के जरिए बम की धमकी मिली थी। पुलिस के अनुसार, दिल्ली के पश्चिम विहार में रिचमंड ग्लोबल स्कूल को बम की धमकी मिली थी। बम की धमकी की सूचना मिलते ही दमकल विभाग और दिल्ली पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची थी।

**स्कूल ही नहीं कॉलेजों को भी आए धमकी भरे ई-मेल :** स्कूलों के अलावा दिल्ली के आईपी कॉलेज फॉर विमेन, हिंदू कॉलेज और श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स को ईमेल के जरिए बम की धमकियां मिल चुकी हैं। लेकिन तलाशी के बाद सभी धमकी झूठी निकली। तीन दिन में 10 स्कूलों और कॉलेज को मिली थी धमकी बीती 18 जुलाई को दिल्ली पुलिस ने बयान जारी करते हुए कहा था कि द्वारका की धमकी मिली थी। पिछले तीन दिनों में लगभग 10 स्कूलों और एक कॉलेज को बम से उड़ाने की ऐसी धमकियां मिली थी।

# भारतीय विदेश सचिव की मधेशी नेताओं के साथ मुलाकात के बाद होगी दिल्ली वापसी




**काठमांडू, एजेंसी ।** दो दिनों के नेपाल दौरे पर आए भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री की राजनीतिक मुलाकातों का दौरा सोमवार को दूसरे दिन भी जारी है। नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को भारत भ्रमण का औपचारिक निमंत्रण देने आए भारत के विदेश सचिव अपने दो दिवसीय यात्रा के आखिरी में आज मधेशी मोर्चा के प्रमुख नेताओं के साथ लंच मीटिंग पर मुलाकात करने वाले हैं। भारतीय विदेश सचिव की यह मुलाकात काफी अहम मानी जा रही है। काठमांडू के द्वारिका होटल में इन नेताओं के साथ मधेश के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा होने की उम्मीद है। मधेशी मोर्चा के नेताओं के साथ बैठक के बाद भारतीय विदेश सचिव दोपहर 2ः30 बजे भारतीय वायुसेना के विशेष विमान से दिल्ली लौटेंगे। इससे पहले आज सुबह ही भारतीय विदेश सचिव ने पशुपतिनाथ मंदिर में विशेष पूजा और रुद्राभिषेक किया। मधेश केंद्रित राजनीति करने वाले प्रमुख नेता महंत ठाकुर, राजेन्द्र महतो, हृदयेश त्रिपाठी, उपेन्द्र यादव, डॉ सीके राउत और रेशम चौधरी को इस मुलाकात के लिए आमंत्रित किया गया है। इन सभी नेताओं ने संयुक्त लोकतांत्रिक मधेशी मोर्चा का गठन किया है। मधेशी मोर्चा के प्रतिनिधि सभा में 26 सांसद हैं। मोर्चा के नेता त्रिपाठी ने कहा कि भारतीय विदेश सचिव के साथ मिलकर मोर्चा को भारत के तरफ से दिए जा रहे उनके नैतिक समर्थन के लिए धन्यवाद ज्ञापन किया जाएगा।अमेरिका ने पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में सक्रिय अलगाववादी संगठन बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) को विदेशी आतंकी संगठन घोषित कर दिया है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। बीएलए को लंबे समय से अफगानिस्तान और ईरान से सटे, खनिज संपदा से भरपूर बलूचिस्तान क्षेत्र में सक्रिय सबसे प्रभावशाली उग्रवादी गुट माना जाता है। यह इलाका चीन के निवेश वाले ग्वादर गहरे समुद्री बंदरगाह और अन्य परियोजनाओं के कारण रणनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के अनुसार, हाल ही में बीएलए ने मार्च ी जिम्मेदारी ली थी।

# पाकिस्तान के बलोचिस्तान में छह दिन में 24 सैनिकों को मारने का दावा किया बलोच राजी आजोई संगर ने

**क्वेटा (बलोचिस्तान) पाकिस्तान, एजेंसी।** बलोच राजी आजोई संगर (बीआरएएस) ने दावा किया कि उसके लड़ाकों ने 10 से 15 अगस्त के बीच बलोचिस्तान में 71 हमले किए। इन हमलों में 24 पाकिस्तानी सैनिक और पांच संघीय सरकार समर्थित एजेंट मारे गए और कई अन्य घायल हुए। बीआरएएस के प्रवक्ता बलोच खान ने मीडिया बयान में कहा कि समूह ने कई जिलों में समन्वित अभियानों में सैन्य शिविरों, काफिलों, पुलिस थानों और तथाकथित मृत्यु दस्ते के सदस्यों को निशाना बनाया।उन्होंने चेतावनी दी कि पाकिस्तान भारत के बांध बनने का इंतजार करेगा और जब बांध तैयार हो जाएगा, तब उसे मिसाइलों से उड़ा देगा।

भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि भारत पर किसी भी तरह का परमाणु हमले की धमकी से डरने वाला नहीं है। इतना ही नहीं, प्रधानमंत्री मोदी भारतीय संसद और अनेक मंचों से बार बार दोहरा चुके हैं कि ऑपरेशन सिंदूर समाप्त नहीं हुआ है, स्थगित किया गया है। पाकिस्तान की तरफ से किसी भी आतंकी कार्रवाई को एक्ट ऑफ वॉर माना जाएगा और उसका जवाब कड़े तरीके से दिया जाएगा। द बलोचिस्तान पोस्ट ने समूह के प्रवक्ता के हवाले से जानकारी दी कि सबसे बड़ा हमला बसिमा में किया गया। लड़ाकों ने एक सैन्य शिविर पर धावा बोलकर एक कैप्टन सहित कम से कम 13 सैनिकों की हत्या कर दी। इसके अलावा लड़ाकों ने एक लेवी स्टेशन पर भी कुछ समय के लिए कब्जा कर अनेक सरकारी कार्यालयों में आग लगा दी और वाहनों को नष्ट कर दिया। आज अत्यधिक गर्मी है और आग का चरम जोखिम बना हुआ है, जिससे बुझाने के प्रयास बेहद कठिन हो गए हैं। बीआरएएस ने ग्वादर के न्यू टाउन इलाके में एक सैन्य काफिले को निशाना बनाकर किए गए आईडी विस्फोट की भी जिम्मेदारी ली है। इसमें दो सैनिक मारे गए थे। समूह ने कहा कि उसने क्वेटा, केच, पंजगुर, अवारन, सिबी, डेरा बुगती और नसीराबाद सहित अन्य जिलों में हमले किए।

## रदोई के ध्यानार्थ मांझे से गर्दन कटने से घायल युवक ने तोड़ा दम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दक्षिण-पूर्व दिल्ली के बदरपुर इलाके में शनिवार को मांझे से गर्दन कटने से घायल हुए युवक ने रविवार इलाज के दौरान एम्स ट्रामा सेंटर में दम तोड़ दिया। युवक की पहचान यूपी के हरदोई स्थित गांव अखिबेलपुर निवासी रजनीश के रूप में हुई है। बदरपुर थाना पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। फ्लाईओवर पर मांझा कहां से आया, इसका पता लगाने का पुलिस प्रयास कर रही है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने आम लोगों से अपील की है कि पतंग में किसी ऐसे मांझे का इस्तेमाल न करें, जिससे किसी को नुकसान पहुंचे।

पुलिस के मुताबिक शनिवार शाम करीब 4ः40 बजे पीसीआर कॉल मिली कि तुगलकाबाद मेट्रो स्टेशन के नजदीक फ्लाईओवर पर खून से लथपथ युवक पड़ा है। जो सरिता विहार से फरीदाबाद की ओर जा रहा था। आनन-फानन में युवक को एम्स ट्रामा सेंटर भेजा गया। मांझे से गर्दन कटने के कारण उसके शरीर से काफी हद तक खून बह चुका था। उपचार के दौरान रविवार को उसने दम तोड़ दिया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पुलिस रजनीश के परिवार से बातचीत कर रही मामले की जांच कर रही है।सीडब्ल्यूसी और आईएमडी से हर घंटे यमुना के जलस्तर और मौसम की जानकारी मिल रही है। मुख्यमंत्री और संबंधित विभाग के मंत्री हमसे लगातार यमुना की रिपोर्ट ले रहे हैं। हम बाढ़ से निपटने के लिए बिल्कुल तैयार हैं।

# पाकिस्तान के स्वात में प्रधानाध्यापक की सूझबूझ से 936 विद्यार्थियों की जान बची



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा के स्वात के मंगलौर इलाके में सरकारी प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक की सूझबूझ से 936 विद्यार्थियों को बाढ़ से सकुशल बचा लिया गया। बच्चों को उनके घर भेजने के बाद विद्यालय जलमग्न हो गया और उसकी दीवारें व कक्षाएं क्षतिग्रस्त हो गईं।

जियो न्यूज के अनुसार, प्रधानाध्यापक सईद अहमद ने कहा कि जिस सुबह बाढ़ आई, उन्होंने पास की एक नदी में पानी का स्तर तेजी से बढ़ता देखा। उन्होंने बिना एक पल गंवाए शिक्षकों को बच्चों को तुरंत घर भेजने का आदेश दिया। कुछ ही मिनटों बाद बाढ़ का पानी स्कूल में घुस गया। बाढ़ इतनी भीषण थी कि देखते-देखते चारदीवारी गिर गई। कक्षाएं और कार्यालय पानी में डूब गए। मात्र पांच मिनट में पूरा स्कूल जलमग्न हो गया। अहमद ने कहा कि तब तक 936 विद्यार्थियों में से सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया था। एक भी जान नहीं गई। अहमद ने सरकार से स्कूल का पुनर्निर्माण कराने की अपील की ताकि बच्चे स्कूल आना शुरू कर सकें। आदेश में कहा गया है कि अधिकारी निलंबन अवधि के दौरान सिर्फ निर्वाह भत्ते के हकदार होंगे।

इस बीच राष्ट्रीय आपदा एजेंसी के अध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल इनाम हैदर ने कहा कि इस साल के मानसून की तीव्रता पिछले साल की तुलना में लगभग 50 से 60 फीसद अधिक है। सितंबर के पहले हफ्ते में मानसून के फिर आने की उम्मीद है। ग्रीष्मकालीन मानसून की शुरुआत से ही पाकिस्तान में हुई मूसलाधार बारिश ने 650 से अधिक लोगों की जान ले ली है और 920 से ज्यादा घायल हुए हैं। इससे पहले 2022 में मानसून की बाढ़ ने मुल्क के एक तिहाई हिस्से को जलमग्न कर दिया था और लगभग 1,700 लोगों की जान गई थी।

विदेशी आतंकी संगठन घोषित होने के बाद इस समूह को वित्तीय सहायता और किसी भी प्रकार की मदद प्रदान करना अमेरिकी कानून के तहत प्रतिबंधित हो गया है। पाकिस्तान के सेना प्रमुख और स्वयंभू फील्ड मार्शल असीम मुनीर ने एक बार फिर भारत के खिलाफ परमाणु हमले की धमकी दी है। मुनीर इन दिनों अमेरिका के दौरे पर हैं और फ्लोरिडा के टाम्पा स्थित ग्रैंड हयात होटल में एक डिनर के दौरान उन्होंने यह विवादित बयान दिया। डिनर में मौजूद पाकिस्तानी कारोबारी अदनान असद और अन्य मेहमानों के सामने मुनीर ने कहा कि यदि भारत के साथ जंग में पाकिस्तान का अस्तित्व खतरे में आया, तो आधी दुनिया को अपने साथ ले जाएंगे। उन्होंने यह भी जोड़ा कि सिंधु नदी भारतीयों की खानदानी संपत्ति नहीं है और पाकिस्तान के पास मिसाइलों की कोई कमी नहीं है। मुनीर ने आरोप लगाया कि भारत ने सिंधु जल समझौते का उल्लंघन कर 25 करोड़ लोगों को भूख और प्यास के खतरे में डाल दिया है।

# खण्डस्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन की नियमित समीक्षा करें : कलेक्टर

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी त्ररा विकासखण्ड स्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन तथा सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने कहा कि सभी उपखण्ड अधिकारी (राजस्व) अपने उपखण्ड में विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की नियमित समीक्षा करेंगे। इसके साथ ही सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण की नियमित समीक्षा करेंगें। सभी अपने खण्ड स्तरीय अधिकारियों से नियमित समीक्षा करेंगे। कलेक्टर ने सभी समीक्षा बैठकों का कार्यवाही विवरण कलेक्टर कार्यालय को अनिवार्यत: उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।



कलेक्टर द्वारा सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण की विभागवार विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने कहा कि सभी विभाग शिकायतों के निराकरण में ए ग्रेड लाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम के लिए चयनित विषयों से संबंधित शिकायतों के शत प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहने पर सिविल सर्जन को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर ने मुख्यमंत्री महोदय की वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से आयोजित समीक्षा बैठकों में सभी जिलास्तरीय अधिकारियों को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं। बैठक में कलेक्टर द्वारा समस्त निर्माण विभागों से खनिज राजस्व के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त कर संविदाकारों द्वारा प्रस्तुत रॉयल्टी क्लियरेंस सर्टिफिक्रेट की गहनता पूर्वक जांच कर उनके विभाग अंतर्गत पूर्ण एवं प्रगतिरत परियोजनाओं में प्रयुक्त गौण खनिजों जैसे गिट्टी, रेत, मिट्टी, मुरूम इत्यादि की रॉयल्टी जमा कराने के निर्देश दिए गए हैं।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज, डिप्टी कलेक्टर राकेश शुक्ला, उपखण्ड अधिकारी मझौली आरपी त्रिपाठी, चुरहट शैलेश द्विवेदी सहित सभी विभागों के जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## विधायक की नाराजगी से हटाए गए थाना प्रभारी



**मीडिया ऑडीटर, त्योंथर (निप्र)।** विधायक की नाराजगी के बाद चाकघाट थाना प्रभारी घनश्याम मिश्रा को रातों रात हटा दिया गया। व्यापारियों द्वारा बुलाए गए बंद के दौरान विधायक सिद्धार्थ तिवारी चाकघाट पहुंचे थे जहां व्यापारियों ने थाना प्रभारी के अनुचित आचरण व व्यवहार की शिकायत विधायक से की थी,जिस पर विधायक सिद्धार्थ तिवारी ने शीघ्र निराकरण के लिए आश्वस्त करते हुए कहा कि व्यापारियोंआम जनता के हितों से समझौता कतई स्वीकार नहीं किया जाएगा। वारिष्ठ अधिकारी थानाप्रभारी के बचाव के पक्ष मे थे लेकिन विधायक के तेवर देख उन्हें व्यापारियों के हित मे फैसला लेना पड़ा।जिसके बाद विवादित थाना प्रभारी घनश्याम मिश्रा को देर रात चाकघाट थाना से नवीन पद स्थापना सायबर सेल रीवा में की गई। वहीं उपनिरीक्षक बलकेश सिंह को थाना चोराहटा से थाना प्रभारी चाकघाट पदस्थ किया गया है।

## अपर कलेक्टर बी पी पाण्डेय ने ग्रहण किया पदभार

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** अपर कलेक्टर बीपी पाण्डेय द्वारा 18 अगस्त को अपना पदभार ग्रहण कर लिया गया है। पाण्डेय इसके पूर्व उपखण्ड अधिकारी मऊगंज के रूप में पदस्थ थे। साथ ही स्थानांतरित प्रभारी डिप्टी कलेक्टर राकेश शुक्ला द्वारा भी पदभार ग्रहण कर लिया गया है।



## ऑटो चालकों ने ली घायलों की मदद करने की शपथ

### राहवीर योजना की शुरुआत, यातायात प्रभारी कर रहे चालकों को जागरूक

**मीडिया ऑडीटर, अनूपपुर (निप्र)।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर यातायात पुलिस ने जिले के ऑटो चालकों को राहवीर योजना से जोड़ा है। सामतपुर तिराहा पर आयोजित कार्यक्रम में ऑटो चालकों को दुर्घटना में घायलों की मदद के लिए जागरूक किया गया। यातायात प्रभारी विनोद दुबे ने कहा कि राहवीर योजना का लाभ दिलाना उनकी जिम्मेदारी है, जबकि दुर्घटना में लोगों की जान बचाना ऑटो चालकों की जिम्मेदारी होगी। उन्होंने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्ति की सहायता करना प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है।



राहवीर योजना उन नागरिकों को सम्मानित करती है, जो संकट के समय घायलों को अस्पताल पहुंचाकर उनकी जान बचाते हैं। योजना के तहत मददगार को कानूनी सुरक्षा प्रदान की जाती है। साथ ही उसे समाज का सच्चा राहवीर माना जाता है। कार्यक्रम में मौजूद ऑटो चालकों ने शपथ ली कि वे सड़क दुर्घटनाओं के समय घायलों की तुरंत सहायता करेंगे। उन्हें अस्पताल पहुंचाकर जीवन रक्षा करेंगे और एक सच्चे राहवीर बनेंगे। यह पहल जिले में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाएगी और समाज में मानवता की मिसाल पेश करेगी।

## मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने सोशल मीडिया में प्रसारित खबरों का किया खंडन

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बबिता खरे ने जानकारी देकर बताया कि जिला चिकित्सालय सीधी से शव वाहन नहीं मिलने के संबंध में सोशल मीडिया में प्रसारित समाचार की जॉच किये जाने पर पाया गया कि 14 अगस्त को रात्रि 07:30 बजे संगीता साहू पत्नी श्री अनिल साहू उम्र 30 वर्ष, ग्राम मनकीसर, जिला सीधी को परिजनों द्वारा जिला चिकित्सालय सीधी में उपचार के लिये लाया गया था किन्तु आपातकालीन कक्ष में उपस्थित डॉ. लीना प्रसाद एवं डॉ. दीपा मरावी द्वारा संगीता साहू का परीक्षण किये जाने पर वह मृत अवस्था में थी। परिजनों से जानकारी लेने पर परिजनों द्वारा बताया गया कि खून की उल्टी हुई है एवं अचेत अवस्था में है। जिला चिकित्सालय सीधी में ड्यूटी पर उपस्थित चिकित्सक द्वारा परीक्षण उपरान्त मृत अवस्था में होने के कारण मृत घोषित कर परिजनों को शव वाहन से मृतिका को गृहग्राम तक ले जाने हेतु श्री संदीप मिश्रा स्टूवर्ड के माध्यम से ड्यूटी पर उपस्थित शव वाहन के वाहन चालक श्री सिद्धू एवं श्री रावेन्द्र पाण्डेय को शव वाहन ले जाने हेतु निर्देशित किया गया किन्तु मृतिका के परिजनों द्वारा शव वाहन से शव को ले जाने के बजाय जिस वाहन से इलेक्ट्रिक टेम्पों से लेकर आये थे उसी टेम्पों से वापस शव को लेकर चले गये। मृतिका के परिजन को शव वाहन उपलब्ध कराय गया था किन्तु परिजन शव वाहन लेकर नहीं गये।

उन्होंने बताया कि संगीता साहू मृत अवस्था में जिला चिकित्सालय सीधी में लाई गयी थी फिर भी परिजनों को शव वाहन उपलब्ध कराया गया था किन्तु परिजन द्वारा शव वाहन का उपयोग नहीं किया गया। सोशल मीडिया में विभाग से बिना तथ्यात्मक जानकारी प्राप्त किये कूटरचित समाचार प्रसारित किया गया है, जो अनुचित है। सोशल मीडिया पर प्रसारित समाचार का विभाग द्वारा खण्डन किया जाता है।

## पतंजलि के तेल की नकल करने वाली कंपनी पकड़ी

### महादेवम नाम से बेचा जा रहा था नकली खाद्य तेल, कोर्ट के आदेश पर कार्रवाई

**मीडिया ऑडीटर, अनूपपुर (निप्र)।** पतंजलि फूड्स लिमिटेड के खाद्य तेल ब्रांड महाकोष की नकल करने का मामला सामने आया है। बृजधाम ट्रेडर्स नाम की कंपनी महादेवम नाम से तेल बेच रही थी। इस तेल की पैकेजिंग और ब्रांडिंग पतंजलि के महाकोष तेल से मिलती-जुलती थी। पतंजलि को शिकायतें मिल रही थीं कि संजीव गोयल द्वारा संचालित बृजधाम ट्रेडर्स की तरफ से बेचा जा रहा तेल उनके ब्रांड जैसा दिखता है। इससे ग्राहक भ्रमित हो रहे थे। कंपनी ने दिल्ली के वाणिज्यिक न्यायालय में मामला दर्ज कराया।



न्यायालय ने लोकल कमिश्नर सिमरपाल सिंह को नियुक्त किया। 18 अगस्त को पुलिस टीम के साथ बृजधाम ट्रेडर्स की फैक्ट्री में छापा मारा गया। यहां से बड़ी मात्रा में महादेवम ब्रांड का तेल, लेबल और पैकेजिंग सामग्री जब्त की गई। जांच में पाया गया कि फैक्ट्री में पतंजलि के रजिस्टर्ड ट्रेडमार्क और कॉपीराइट की नकल कर नकली उत्पाद बनाए जा रहे थे। अदालत के आदेश पर सभी सामान को सील कर दिया गया है। जांच दल की रिपोर्ट न्यायालय में जमा होने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## खाद के लिए महिलाएं और लड़कियां लगी कतार में

### कचनी गोदाम में सुबह 6 बजे से लाइन, दोपहर तक नहीं मिली खाद

**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली (निप्र)।** जिले के बैढ़न में स्थित खाद गोदाम में सोमवार को हजारों किसानों की भीड़ उमड़ पड़ी। किसाने परिवार की महिलाएं और लड़कियां भी कतार में लगी हैं।



जन्माष्टमी और रविवार की छुट्टी के बाद किसान बड़ी संख्या में खाद लेने पहुंचे। किसान कमलेश चौबे ने बताया कि वह सुबह 5:30 बजे से लाइन में खड़े हैं। शुक्रवार को भी वह खाद लेने आए थे, लेकिन नहीं मिल पाई।

उपायुक्त सहकारिता पीके मिश्रा के अनुसार, जिले में खरीफ सीजन के लिए पर्याप्त यूरिया उपलब्ध है। वरगवां रैक पॉइंट में 2500 मैट्रिक टन के चार रैक यूरिया पहुंच चुके हैं। इस खाद का वितरण जिले की विभिन्न प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों, मार्कफेड गोदाम और प्राइवेट लाइसेंसी विक्रय केंद्रों में किया गया है।

किसान कर्ज पर खाद लेने के लिए प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों से परमिट बना सकते हैं। नगद खरीद के लिए बैढन के कचनी स्थित मार्कफेड गोदाम, देवसर के जियावन स्थित मार्कफेड गोदाम या प्राइवेट लाइसेंसी विक्रेताओं से खाद प्राप्त कर सकते हैं।

## कलेक्टर ने की प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के तहत इंटरेस्ट सब्सिडी स्कीम की समीक्षा

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 (शहरी) के तहत इंटरेस्ट सब्सिडी स्कीम योजना की समीक्षा की गई। कलेक्टर द्वारा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर द्वारा सीधी जिले के समस्त नगरीय निकायों के बैंक प्रमुखों से जिन हितग्राहियों को होम लोन दिया जा चुका है उनकी सूची उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया। एलडीएम यूनियन बैंक ऑफइंडिया सीधी के द्वारा शीघ्र सूची उपलब्ध कराने की बात कही गई।

परियोजना अधिकारी मिनी अग्रवाल के द्वारा बताया गया कि 1 सितम्बर 2024 को या उसके बाद स्वीकृत और वितरित किए गए होम लोन पर ईडब्ल्यूएस/एलआईजी और एमआईजी के पात्र लाभार्थियों को आवासों की खरीद/पुनर्खरीद/निर्माण के लिए सब्सिडी का लाभ दिया जा सकता है। आईएसएस योजना के तहत ईडब्ल्यूएस, एलआईजी और एमआईजी श्रेणी के परिवार श्रेणी लिए जिनकी वार्षिक आय क्रमश: 3 लाख, 6 लाख और 9 लाख है, इस घटक का लाभ उठाने के लिए पात्र होंगे। योजना के तहत ईडब्ल्यूएस एलआईजी एमआईजी लाभार्थी की पहचान करने के लिए आवेदक आय प्रमाण के रूप में प्रमाणित पत्र एफिडेविट प्रस्तुत करेगा।

## वरिष्ठ भाजपा नेता बसंत दुबे के चाचा का निधन, दुबे परिवार में शोक



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** सिंचाई विभाग से सेवानिवृत्त एस. डी. ओ. संपत्ति कुमार दुबे का गत दिवस निधन हो गया। संपत्ति दुबे 94 वर्ष के थे, जो पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे और इस कारण मिनर्वा अस्पताल में भर्ती थे, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। संपत्ति दुबे अपने पीछे तीन पुत्र एवं एक पुत्री सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए। संपत्ति दुबे भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं भारतीय मजदूर संघ के पूर्व जिला अध्यक्ष बसंत कुमार दुबे के चाचा रहे। निधन पश्चात संपत्ति दुबे का अंतिम संस्कार प्रयागराज में किया गया। उनके निधन पर पुत्र शशिकांत दुबे, शैलेन्द्र दुबे, सतीश दुबे, कैलाश दुबे, सेवानिवृत्त कर्नल बृजेश पांडेय, नलिन दुबे, डॉ विनोद दुबे, दिनेश दुबे, शिवम् दुबे, नितिन, संदेश दुबे, रामनिहोर मिश्रा, प्रियांशु दुबे, शिविन दुबे, आयुष दुबे सहित अन्य परिजनों ने गहरा दु:ख व्यक्त करते हुए उनकी आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की है।

## सी.डब्लू.एस.एन. बालक छात्रावास मधुरी में विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर आयोजित

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री प्रयाग लाल दिनकर के मार्गदर्शन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी मुकेश कुमार शिवहरे एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी मनीष कौशिक द्वारा 14 अगस्त को विकलांग बालकों के लिए स्थान सी.डब्लू.एस.एन. बालक छात्रावास मधुरी जिला सीधी विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का सफल आयोजन किया गया तथा छात्रावास का निरीक्षण भी किया गया। शिविर का उद्देश्य नालसा (बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं और उनके संरक्षण के लिए विधिक सेवाए) योजना 2015 अंतर्गत बच्चों को देख-भाल एवं संरक्षण और सभी स्तरों पर बच्चों के कानूनी झगड़ों के लिए विधिक प्रतिनिधित्व को सुनिश्चित करना था।

# सीधी में खाद नहीं मिलने पर हाईवे किया जाम

### किसानों का आरोप- खाद वितरण में पारदर्शिता नहीं बरती जा रही

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** जिले के अमिलिया बाजार में सोमवार दोपहर खाद वितरण में अव्यवस्था को लेकर किसानों का गुस्सा फूट पड़ा। सैकड़ों की संख्या में किसानों ने चक्काजाम कर जमकर हंगामा किया।

दोपहर करीब 2 बजे बड़ी संख्या में किसान अमिलिया बाजार पहुंचे और नेशनल हाईवे को जाम कर दिया। उनका आरोप था कि खाद वितरण में पारदर्शिता नहीं बरती जा रही है और उन्हें समय पर खाद नहीं मिल रही है। प्रदर्शनकारी किसानों ने समिति परिसर में भी खूब हंगामा किया।






**कृषि उपसंचालक बोले- जिले में खाद की कोई कमी नहीं:** किसानों के प्रदर्शन की खबर मिलते ही सिहावल एसडीएम प्रिया पाठक, थाना प्रभारी राकेश बैस और उपसंचालक कृषि अगस्त सिंह सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने किसानों से बातचीत कर स्थिति को शांत कराने की कोशिश की। कृषि उपसंचालक अगस्त सिंह ने कहा कि जिले में खाद की कोई कमी नहीं है और लगातार किसानों को खाद दी जा रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि प्रशासन किसानों को हर संभव सुविधा देने के लिए गंभीर है।

**विधायक ने दी चेतावनी- कालाबाजारी करते मिले तो कार्रवाई होगी:** सिहावल विधायक विश्वामित्र पाठक भी घटना की जानकारी मिलने पर सक्रिय हुए। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को तुरंत मौके पर भेजा गया है। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर खाद की कालाबाजारी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विधायक ने कहा, अगर कोई व्यक्ति या कर्मचारी खाद की कालाबाजारी करते पाया गया तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस बल की मौजूदगी और प्रशासनिक अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद हालात धीरे-धीरे सामान्य हुए। अधिकारियों ने किसानों को आश्वस्त किया कि खाद की आपूर्ति लगातार जारी रहेगी और जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त व्यवस्था भी की जाएगी।

## सोशल मीडिया पर फर्जी DC Shahdol नाम की आईडी, कलेक्टर के नाम से फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी, प्रशासन ने जारी किया अलर्ट

**मीडिया ऑडीटर, शहडोल (निप्र)।** कलेक्टर कार्यालय ने फेसबुक पर एक फर्जी आईडी को लेकर आम जनता को सतर्क किया है। कोई अज्ञात व्यक्ति DC Shahdol नाम से फर्जी आईडी बनाकर लोगों को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेज रहा है।




जनसंपर्क विभाग ने स्थानीय निवासियों को इस फर्जी आईडी से दूर रहने की सलाह दी है। विभाग ने कहा कि इस आईडी से किसी भी तरह की व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि उनकी आधिकारिक सेवाएं केवल प्राधिकृत चैनलों के माध्यम से ही संचालित होती हैं।

फेसबुक पर फर्जी आईडी बनाकर लोगों को ठगने के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। ठग अक्सर लोगों से पैसे, व्यक्तिगत जानकारी या संवेदनशील डेटा की मांग करते हैं। शहडोल प्रशासन ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## यह तो होता रहा है...

संपादकीय

डोनाल्ड ट्रंप की अस्थिर नीतियों की वजह से भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील पर बातचीत अधर में लटक गई है। यह अनिश्चितता दोनों में से किसी भी देश के लिए ठीक नहीं। हालांकि अलास्का समिट में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पूतिन के प्रति ट्रंप का नरम रवैया थोड़ी उम्मीद जरूर जगाता है।

**असमंजस की स्थिति:** ट्रेड डील के लिए अमेरिकी अधिकारियों को इसी 25 तारीख को भारत आना था, लेकिन मौखिक तौर पर बताया गया कि अब यह विजिट नहीं होगी। अभी तक नई तारीखों का ऐलान नहीं हुआ है, जिससे असमंजस बढ़ गया है। पहले माना जा रहा था कि अगस्त आखिर या सितंबर तक दोनों देश एक मिनी डील तक पहुंच जाएंगे। इसके लिए दोनों के बीच कई दौर की वार्ता भी हो चुकी है, लेकिन अब सबकुछ बिल्कुल थम जाना द्विपक्षीय रिश्तों के लिए सही नहीं।

**संबंधों को नुकसान:** व्यापारिक समझौते में क्यों अड़चन आ रही है, इस बारे में अब सभी को पता है, लेकिन भारत की चिंताओं को समझने और बातचीत के जरिये समाधान निकालने के बजाय ट्रंप दबाव की रणनीति अपना रहे हैं। मौजूदा संकट इसलिए भी ज्यादा उलझ गया है, क्योंकि चीन की बढ़ती मनमानी को रोकने के लिए भारत को अहम साझेदार मानने के बावजूद अमेरिका आपसी संबंधों को नुकसान पहुंचाने वाले कदम उठा रहा है। हालांकि इतिहास पर नजर डालें, तो वॉशिंगटन के लिए यह नई बात नहीं लगती।

**पुरानी आदत:** 80 के दशक के आखिर में भी अमेरिका को व्यापार घाटे की चिंता सता रही थी और तब उसके निशाने पर जापान था। उसी दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति को यह अधिकार मिला कि अगर कोई देश अमेरिका के खिलाफ अनुचित व्यापार नीतियां अपनाता है, तो उस पर टैरिफ लगाया जा सके। लेकिन, यह अधिकार मिलने के बाद तत्कालीन -प्रेजिडेंट जॉर्ज एचडब्लू बुश ने जापान के साथ-साथ भारत और अमेरिकी सहयोगियों - यूरोप, दक्षिण कोरिया व ताइवान पर भी एक्स्ट्रा टैक्स लाद दिया। 1989 में जब उन्होंने भारत को टारगेट किया था, तब भी सरकार का यही कहना था कि वह किसी दबाव में नहीं झुकेगी।

**इतिहास से सबक:** अमेरिका फिर से इतिहास को दोहरा रहा है। ट्रंप चीन को सबसे बड़ा प्रतिद्वंद्वी मानते हैं, लेकिन सबसे पहले समझौता उसी से किया। वहीं यूरोपीय संघ और भारत जैसे सहयोगियों के प्रति उनका रुख ज्यादा अड़ियल है। श्व ने भले डील कर ली हो, पर उसके कई सदस्य देश इससे खुश नहीं हैं। ऐसे में भारत को ट्रंप प्रशासन से बात करते हुए अमेरिका के अतीत और आज के हालात, दोनों पर नजर रखनी होगी। यह डील अमेरिकी इकॉनमी के लिए भी उतनी ही जरूरी है, जितनी भारत के लिए।

## डेढ़ फुट का करेला

**निर्मल असो**

किसी को यकीन नहीं हो रहा था कि नेता प्रतिपक्ष के आवास की उर्वरता में बेल इतनी शक्तिशाली हो जाएगी कि सरकारी प्रतियोगिता में उनका करेला बाजी मार जाएगा। सरकार अपनी प्रतियोगिताओं में अपने ही जीतने की हर व्यवस्था करती आई थी, लेकिन नेता प्रतिपक्ष के डेढ़ फुटिया करेले के सामने सरकारी करेले पिछड़ गए। कोशिश राज्य सरकार के कृषि मंत्री ने भी खूब की थी। कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने खुद मेहनत करके मंत्री जी की कोठी में जो बीज बोए थे, उनमें से अधिकांश उगे ही नहीं और जो उगे भी उन्होंने दो-तीन इंच से ज्यादा कद ही नहीं बढ़ाया। नेता प्रतिपक्ष का करेला विजयी मुद्रा में सारी सियासत का सितारा बन चुका था, जबकि सरकार के कान में व्यवस्था फुसफुसा कर बता रही थी कि यह तो खेला हो गया। विपक्ष ने प्रतियोगिता जीतकर अपने और सरकार के करेलों का फर्क बता दिया। अब मंचों पर दावे हो रहे थे, 'आज डेढ़ फुट का करेला पैदा किया, तो कल डेढ़ मीटर की लौकी पैदा करेंगे। हमारा कद्दू तो पहले ही 56 इंच का है और अब हम इसे डेढ़ सौ इंच तक फैलाएंगे।' उधर सरकार कहां हार मानने वाली। सत्ता अपने आप में ऐसी हवा है कि आज तक सरकारों ने खुद को हमेशा पूरी तरह भर कर रखा। सभी विभागों को आदेश हो गए, आखिर करेले का सवाल था। अब हर दफ्तर परिसर और यहां तक साहबों को अपनी कोठियों में करेले ही नहीं, लौकी, खीरा और कद्दू ही नहीं, वो सब कुछ उगाना था जो विपक्ष पर भारी पड़ सके। पहले मामला योजनाओं-परियोजनाओं का मुंहजबानी होता था, तो सरकार के मंत्री जहां तक बता सकते थे, बता देते थे, लेकिन अब तो बीज उगाने से शुरुआत हो रही थी। उस दिन डीसी से मुलाकात करने आए लोग हैरान थे, जब उन्हें बताया गया कि साहब इस वक्त दफ्तर की सब्जियां देख रहे हैं।

इसका एक फायदा यह हो गया कि अब दफ्तरों में खरपतवार उगना बंद हो गया। करेला उगाओ अभियान के चक्कर में व्यवस्था को इंचीटेप यानी फीते खरीदने पड़े। सरकारी मशीनरी की सक्रियता के कारण अब डाक्टर, टीचर्ज और पुलिस वाले तक के पास फीता पहुंच गया, आखिर बीस करोड़ के इंचीटेप विपक्ष तो खरीदने से रहा। उस दिन फीता खरीद के प्रभारी कृषि मंत्री भावुक हो उठे, 'देखो भाइयों-बहनों! हमारी सरकार ग्रामीण उत्थान के लिए कितनी संवेदनशील है। आप लोग मौसमी-बेमौसमी सब्जियां उगाते आए हैं, लेकिन किसी सरकार ने इनके कद मापने के लिए आपको फीता नहीं दिया। अब तो जो काम कृषि विभाग और विश्वविद्यालय ने नहीं किया, यह फीता करेगा। अब फीते को देख-देख करेला, लौकी और खीरा इतने लंबे हो जाएंगे कि हमारा मुकाबला पड़ोसी राज्य भी नहीं कर पाएंगे।' इस बीच सरकारी दफ्तरों में फीतों का ढेर लग गया, लेकिन करेले के बीज नहीं पहुंच रहे थे। दरअसल फीतों की खरीद के बाद सरकार के पास बीज खरीदने के लिए 20 हजार भी नहीं बचे थे। मंत्रिमंडल के एजेंडे पर करेला चढ़ा था, तो मुख्यमंत्री ने सहयोगी मंत्रियों से पूछा, 'बीज खरीद को 20 हजार रुपए आएंगे कहां से।' मामला गंभीर था। बीस करोड़ फीतों के ऑडिट के लिए बीस हजार के बीज बहुत जरूरी थे। फीतों की इज्जत बचाने के लिए राज्य सरकार को अब आशा थी कि केंद्र सरकार की करेला विकास योजना से अपना माकूल हिस्सा मिल जाएगा। पूरी राज्य सरकार अपने हक के लिए दिल्ली पहुंच गई। केंद्रीय कृषि मंत्री दफ्तर में नहीं मिले। वह प्रधानमंत्री को अपनी पार्टी के नेता व राज्य के नेता प्रतिपक्ष के घर उगे, डेढ़ फुट करेले को दिखाने गए थे। प्रधानमंत्री खुश हुए और उन्होंने निर्देशा दिए कि जिस राज्य में उनकी पार्टी सत्ता में नहीं है, वहां इतने लंबे करेले उगाएं कि विपक्षियों की सत्ता हार जाए। प्रधानमंत्री का इशारा समझ कर आए कृषि मंत्री ने मुख्यमंत्री को बिना बीज दिए लौटा दिया। करेला अब केंद्र-राज्य संबंधों के कारण बहुत कड़वा हो चुका था, लेकिन मुख्यमंत्री चैन से नहीं बैठे। वह बीस करोड़ के फीतों की खरीद के बाद एक नई योजना पर काम कर रहे थे। अब विभाग फीतों से करेले और लौकी के बजाय किसानों का कद माप रहे थे। राज्य के बड़े कद वाले किसान मापे जा रहे थे और कृषि में क्रांति आ रही थी।

## टैरिफ चुनौती के लिए नई रणनीति जरूरी

> हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में एमएस स्वामीनाथन शताब्दी अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भारत अपने किसानों, पशुपालकों और मछुआरों के हितों से कोई समझौता नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि मैं जानता हूं कि व्यक्तिगत रूप से मुझे बहुत बड़ी कीमत चुकाना पड़ेगी, लेकिन मैं इसके लिए तैयार हूं। ज्ञातव्य है कि अमेरिकी डेयरी उत्पादों और आनुवांशिक रूप से संवर्धित (जीएम) फसलों के लिए बाजार पहुंच पर मतभेद के मद्देनजर भारत और अमेरिका के बीच एक अगस्त की निर्धारित समय सीमा में अंतरिम व्यापार समझौता नहीं हो पाया है। ऐसे में जहां 7 अगस्त से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप के द्वारा भारत से अमेरिका को होने वाले निर्यात पर 25 फीसदी शुल्क (टैरिफ) लागू कर दिया है, वहीं 27 अगस्त से भारत पर रूस से तेल खरीदी के मद्देनजर जुर्माने के रूप में 25 फीसदी का अतिरिक्त शुल्क लगाने का कार्यकारी आदेश भी जारी किया है।

**डा. जयंती लाल भंडारी**

इस परिप्रेक्ष्य में महत्वपूर्ण है कि प्रधानमंत्री मोदी ब्रिक्स और शंघाई सहयोग संगठन के सदस्य देशों के साथ आर्थिक रिश्ते मजबूत करते हुए दिखाई दे रहे हैं। मोदी इसी महीने के अंत में एससीओ सम्मेलन में हिस्सा लेने चीन की यात्रा पर जाएंगे। यह जरूरी है कि अब ट्रंप के ऊंचे टैरिफ की चुनौती के बीच निर्यातकों के समक्ष शुल्क के अलावा जो नॉन टैरिफ बाधाएं हैं, उन्हें दूर किया जाएज.

हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में एमएस स्वामीनाथन शताब्दी अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भारत अपने किसानों, पशुपालकों और मछुआरों के हितों से कोई समझौता नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि मैं जानता हूं कि व्यक्तिगत रूप से मुझे बहुत बड़ी कीमत चुकाना पड़ेगी, लेकिन मैं इसके लिए तैयार हूं। ज्ञातव्य है कि अमेरिकी डेयरी उत्पादों और आनुवांशिक रूप से संवर्धित (जीएम) फसलों के लिए बाजार पहुंच पर मतभेद के मद्देनजर भारत और अमेरिका के बीच एक अगस्त की निर्धारित समय सीमा में अंतरिम व्यापार समझौता नहीं हो पाया है। ऐसे में जहां 7 अगस्त से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप के द्वारा भारत से अमेरिका को होने वाले निर्यात पर 25 फीसदी शुल्क (टैरिफ) लागू कर दिया है, वहीं 27 अगस्त से भारत पर रूस से तेल खरीदी के मद्देनजर जुर्माने के रूप में 25 फीसदी का अतिरिक्त शुल्क लगाने का कार्यकारी आदेश भी जारी किया है। भारत अब ब्राजील के साथ सबसे ज्यादा 50 फीसदी अमेरिकी टैरिफ वाला देश बन गया है। चीन को अमेरिका का सबसे बड़ा शत्रु बताने वाले ट्रंप ने चीन पर महज 30 फीसदी टैरिफ लगाया है। जहां पाकिस्तान पर 19 फीसदी टैरिफ है, वहीं भारत के निर्यात प्रतिस्पर्धी एशियाई देशों पर भी कम टैरिफ है। ऐसे में जहां चालू वित्त वर्ष 2025-26 में भारत के लिए 900 अरब डॉलर के रिकॉर्ड निर्यात के लक्ष्य को प्राप्त किए जाने की चुनौती बढ़ गई है, वहीं देश की 6.5 फीसदी अनुमानित विकास दर के घटकर 6 फीसदी के स्तर पर पहुंचने की चुनौती भी बढ़ गई है।

अतएव अब ट्रंप की टैरिफ चुनौती का मुकाबला करने के लिए नई रणनीति के तहत किसानों और निर्यातकों को सब्सिडी, घरेलू खपत को बढ़ाना, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग (एमएसएमई) की मजबूती, स्वदेशी और आत्मनिर्भर भारत अभियान को जन-जन तक पहुंच, मुक्त व्यापार समझौतों में तेजी के विशेष अभियानों के साथ आगे बढना होगा। अब इस रणनीति पर देरी करने का कोई विकल्प भारत के पास नहीं है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में भारत और अमेरिका के बीच कारोबार तेजी से बढने की जो ऊंची संभावनाएं दिखाई दे रही थी, वे ट्रंप के द्वारा भारत पर ऊंचे टैरिफ और रूसी तेल की खरीदी पर जुर्माने के आदेश ने धूमिल कर दी हैं। वस्तुतः इस समय अमेरिका और भारत के बीच अंतरिम व्यापार समझौते पर अंतिम दौर की चर्चा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देशों के तहत भारत के चर्चाकारों के द्वारा देश के करोड़ों लोगों की आजीविका से जुड़े हुए कृषि और डेरी क्षेत्र में रियायत नहीं देने की दृढ़ता दिखाई जाने से अमेरिका ने भारत पर दबाव बढ़ाने के मद्देनजर ऊंचे टैरिफ का ऐलान किया है। यद्यपि भारत की अर्थव्यवस्था निर्यात प्रधान अर्थव्यवस्था नहीं है और अर्थव्यवस्था में मजबूत घरेलू बाजार एक बड़ी शक्ति है, फिर भी अब भारत को अमेरिकी बाजारों के लिए निर्यात के साथ-साथ वैश्विक व्यापार में चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। ज्ञातव्य है कि अमेरिका भारत का प्रमुख व्यापारिक साझेदार और निर्यात गंतव्य है। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत ने अमेरिका को 86.5 अरब डॉलर मूल्य की वस्तुओं का निर्यात किया। इस दौरान अमेरिका के साथ भारत का व्यापार अधिशेष 40.8 अरब डॉलर रहा। ऐसे में ट्रंप के द्वारा लगाए गए ऊंचे टैरिफ के मद्देनजर भारत के कई उद्योग-कारोबार प्रभावित होंगे। मसलन, ऑटो कंपोनेंट बनाने वाली कंपनियां, टेक्सटाइल्स इंडस्ट्री, मेटल और फार्मा कंपनीज पर ट्रंप के टैरिफ का असर देखने को मिल सकता है।

स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि ट्रंप के ऊंचे टैरिफ से विकास



दर और निर्यात घटने की चुनौतियों का सामना करने और हरसंभव तरीके से निर्यात बढ़ाने के लिए सरकार ने रणनीतिपूर्वक आगे बढना शुरू किया है। नई रणनीति के तहत वाणिज्य मंत्रालय ने इस्पात, लेदर, रत्न, खाद्य प्रसंस्करण, विद्युत और यांत्रिक मशीनरी, इंजीनियरिंग, समुद्री और कृषि सहित कई क्षेत्रों के निर्यातकों के साथ बैठकें की हैं, ताकि उच्च शुल्क के कारण उन्हें होने वाली समस्याओं को समझा जा सके और उन्हें ब्राजील की तरह राहत दी जा सके। निर्यातक सरकार से वित्तीय सहायता, किफायती ऋण, ब्याज सब्सिडी चाहते हैं। निर्यातक निर्यातित उत्पादों पर शुल्कों एवं करों की छूट (आरओडीटीईपी) और राज्य एवं केंद्रीय करों व शुल्क की छूट (आरओएससीटीएल) जैसी योजनाओं के तहत बकाया राशि का समय पर भुगतान और अमेरिका के लिए सीधे निर्यात जैसे राजकोषीय प्रोत्साहनों का विस्तार करने की जरूरत अनुभव कर रहे हैं। निश्चित रूप से अब भारत को अपनी अर्थव्यवस्था को और बहिर्मुखी बनाना होगा। भारत की तेजी के साथ की डगर पर तेजी के साथ बढना होगा। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि भारत के मुक्त व्यापार समझौते भारत की वैश्विक व्यापार उपस्थिति को नया रूप देते हुए दिखाई दे रहे हैं। भारत के द्वारा ईएफटीए, यूएई, ऑस्ट्रेलिया और यूके के साथ किए गए एफटीए अत्यधिक महत्वपूर्ण हैं। भारत को यूएई और ऑस्ट्रेलिया के साथ एफटीए से मजबूत लाभ हुआ है। यूएई के साथ, पिछले चार-पांच वर्षों में सेवाओं का निर्यात लगभग दोगुना हो गया है। यह भी महत्वपूर्ण है कि भारत और ब्रिटेन के बीच बहुप्रतीक्षित एफटीए पर 24 जुलाई को दोनों देशों के द्वारा हस्ताक्षर किए गए हैं। इस परिप्रेक्ष्य में यह भी उल्लेखनीय है कि पिछले माह 10 जुलाई को भारत में स्विटजरलैंड की राजदूत माया तिस्साफी ने कहा कि भारत और 4 सदस्य देशों आइसलैंड, स्विटजरलैंड, नॉर्वे और लिकटेंस्टीन वाले यूरोपिटन फ्री ट्रेड एसोसिएशन (ईएफटीए) के बीच व्यापार समझौता अक्टूबर 2025 से लागू हो जाएगा। इन सबके साथ-साथ इन दिनों भारत-आसियान के बीच मौजूदा व्यापार समझौते की समीक्षा के लिए आसियान के साथ चर्चा जारी है। आसियान में ब्रुनेई, कांबोडिया, इंडोनेशिया, लाओस, मलेशिया, म्यांमार, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड और वियतनाम शामिल हैं। भारत के द्वारा यूरोपीय आयोग, ओमान, कतर, न्यूजीलैंड, पेरू, चिली, कनाडा, दक्षिण अफ्रीका, इजराइल, भारत गल्फ कंट्रीज काउंसिल सहित अन्य देशों के साथ भी एफटीए को शीघ्रतापूर्वक अंतिम रूप देने की डगर पर आगे बढ़ रहा है।

भारत को दक्षिण-पूर्व एशिया के जीवंत आर्थिक क्षेत्र से फिर से जुडना होगा। साथ ही पूर्व के अपने पड़ोसियों के साथ आर्थिक जुड़ाव का रास्ता दोबारा तैयार करना होगा। इन सबके साथ-साथ भारत को व्यापक एवं प्रगतिशील प्रशांत पार साझेदारी (सीपीटीपी) का हिस्सा बनने के लिए आगे बढना होगा। इस परिप्रेक्ष्य में महत्वपूर्ण है कि प्रधानमंत्री मोदी ब्रिक्स और शंघाई सहयोग संगठन के सदस्य देशों के साथ आर्थिक रिश्ते मजबूत करते हुए दिखाई दे रहे हैं। मोदी इसी महीने के अंत में एससीओ सम्मेलन में हिस्सा लेने चीन की यात्रा पर जाएंगे। यह जरूरी है कि अब ट्रंप के ऊंचे टैरिफ की चुनौती के बीच निर्यातकों के समक्ष शुल्क के अलावा जो नॉन टैरिफ बाधाएं हैं, उन्हें दूर किया जाए। इसके अलावा भी चीन सहित अन्य देशों में निर्यात बढ़ाने के मद्देनजर कई ऐसे बड़े कदमों की आवश्यकता है, जिनसे भारतीय निर्यातकों को प्रोत्साहन मिल सके। लंबे समय से लंबित इनवर्टेड टैक्स स्ट्रक्चर और जीएसटी सुधार काफी जरूरी हैं। जीएसटी दरों में भी कमी करने की जरूरत है। निस्संदेह सरकार को ध्यान देना होगा कि कल तक पूरी दुनिया में भारत का सेवा निर्यात तेज रफ्तार से बढ़ रहा था, जो अब सुस्त है।

## समीक्षाः गागर में सागर है राष्ट्र के स्व जागरण के लिये 'हिन्दी विवेक' का ग्रंथ 'दीप स्तंभ'

> **इसी श्रृंखला में दीप स्तंभ है जो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शताब्दी यात्रा पर केन्द्रित है। इसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शताब्दी यात्रा के विभिन्न आयामों को केंद्र में रखकर सामग्री संजोई गई है। इसके आलेख, उनका प्रस्तुतिकरण और संघ की पूरी शताब्दी यात्रा का सैद्धांतिक विवेचन पठनीय है। इस ग्रंथ में पचास से अधिक लेखकों के कुल बावन आलेख और एक कविता है। आलेखों में संघ की यात्रा, ध्येय और उद्देश्य का तो विवेचन है ही, इसके साथ अधिकांश आलेखों में अपने विषय के साथ राष्ट्र के स्वत्व और स्वाभिमान कारक तत्वों का विवेचन भी है। जो सामान्य पाठक को भी राष्ट्रवोध के चिंतन की ओर प्रेरित करता है।**

**रमेश शर्मा**

मुंबई से छपने वाली हिन्दी विवेक पत्रिका ने एक ग्रंथ राष्ट्र के स्व जागरण का दीप स्तंभ निकाला है। 426 पृष्ठ के इस ग्रंथ की सामग्री राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शताब्दी यात्रा पर केंद्रित है। इस ग्रंथ में संघ के विविध आयामों पर सामग्री संजोई गई है। मानों यह गागर में सागर है। राष्ट्रीय और सांस्कृतिक विषयों पर केंद्रित अनेक पत्रिकाएँ प्रकाशित होतीं। समय समय पर उनके विशेषांक भी प्रकाशित हुये हैं। उनमें कुछ विशेषांक पठनीय भी रहे हैं। इसी श्रृंखला में पत्रिका मासिक हिन्दी विवेक का राष्ट्र के स्व जागरण का यह ग्रंथ दीपस्तंभ प्रकाशित हुआ है। पत्रिका हिन्दी विवेक मुम्बई से प्रकाशित होती है। भारत राष्ट्र का परम वैभव और समाज में सांस्कृतिक पुनर्जागरण पत्रिका का मुख्य ध्येय है। हिन्दी विवेकने समय समय पर अपने कयी विशेषांक और शोधपरक ग्रंथ प्रकाशित किये हैं।



इसी श्रृंखला में दीप स्तंभ है जो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शताब्दी यात्रा पर केन्द्रित है। इसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शताब्दी यात्रा के विभिन्न आयामों को केंद्र में रखकर सामग्री संजोई गई है। इसके आलेख, उनका प्रस्तुतिकरण और संघ की पूरी शताब्दी यात्रा का सैद्धांतिक विवेचन पठनीय है। इस ग्रंथ में पचास से अधिक लेखकों के कुल बावन आलेख और एक कविता है। आलेखों में संघ की यात्रा, ध्येय और उद्देश्य का तो विवेचन है ही, इसके साथ अधिकांश आलेखों में अपने विषय के साथ राष्ट्र के स्वत्व और स्वाभिमान कारक तत्वों का विवेचन भी है। जो सामान्य पाठक को भी राष्ट्रवोध के चिंतन की ओर प्रेरित करता है।

426 पृष्ठों का यह ग्रंथ कुल नौ भागों में विभाजित है। पहला भाग संकल्पना का है। इसमें पांच आलेख हैं। यह आलेख संघ कार्य की नींव, अंकुरण से लेकर बटवृक्ष की ओर यात्रा का विवेचन है, एक आलेख इन सौ वर्षो में संघ के सामने आई चुनौतियों की के बीच व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण के सुसंकल्प जैसे विषय लिये गये हैं। भैयाजी जोशी और मनमोहन जी वैद्य जैसे साधक चिंतकों के आलेखों के साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वर्तमान सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत जी का साक्षात्कार भी इसी भाग में है। यह सामग्री 53 पृष्ठों में है।

ग्रंथ का दूसरा भाग बीजारोपण है। इस भाग में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉक्टर हेडगेवार जी के मन में संघ संस्थापना के विचारों की पृष्ठभूमि, समय की चुनौतियों के बीच संगठन की यात्रा और लक्ष्य के अनुरुप, कालानुप दिशा, कार्यकर्ता तैयार करने का कौशल जैसे विषयों का विवेचन है। यह भाग कुल बत्तीस पृष्ठों का है। राष्ट्रसेविका संघ की प्रमुख संचालिका शांता कुमारी जी का साक्षात्कार भी इस भाग में है। तीसरा भाग संगठन है। इस भाग में संघ की राष्ट्रीय दृष्टि, प्राथमिकता, राष्ट्रभक्ति आध्यात्म चेतना और सामाजिक संवेदना का समावेश जैसे विषय लिये गये हैं। इन विषयों को समझाने केलिये संघ के द्वितीय सरसंघचालक गोलवलकर जी उपाख्य गुरुजी का चीन चिंतन और राष्ट्रनीति का विवेचन भी किया गया है। यह भाग कुल पैंतालीस पृष्ठ का है। ग्रंथ का चौथा भाग विस्तार है। इसमें रामजन्म भूमि आँदोलन, आपातकाल में संघ का संघर्ष, संघ का वैश्विक विस्तार, जैसे विषय लिये गये हैं।

संघ के तृतीय सरसंघचालक देवरस जी के चिंतन और कार्य विस्तार का विवेचन भी इस भाग में है। यह भाग 49 पृष्ठ का है। ग्रंथ का पांचवा भाग अनुभव चौतीस पृष्ट का है। इसमें संघ की कार्यशैली पर पांच आलेख हैं। ग्रंथ का छठवां भाग संस्था है इसमें संघ द्वारा हिन्दु जागरण, संस्कार युक्त शिक्षा, वनवासियों को राष्ट्र की मूल धारा से जोड़ना, छात्र शक्ति में संस्कार वोध, श्रमिकों में राष्ट्रभाव को प्राथमिकता, साहित्य के द्वारा राष्ट्र जागरण और स्वदेशी भाव की जाग्रति जैसे विषयों पर आलेख हैं। यह भाग कुल अड़तालीस पृष्ठों का है। सातवां भाग विमर्श है। चालीस पृष्ठों के इस भाग में राष्ट्र के चुनौती के रूप में विषयों पर संघ की विचार यात्रा का विवेचन है। आठवाँ भाग संघ के वैचारिक अनुष्ठान का है। अट्ठावन पृष्ठों के इस भाग में संगठित और वैभवपूर्ण भारत राष्ट्र केलिये आधारभूत वैचारिक आवश्यकता और प्राथमिकता का विवेचन है। और नवाँ अध्याय संस्कार है। पैंतालीस पृष्ठ के इस भाग में एक स्वयं सेवक संस्कारित बनाने, संघ के प्रतीक लक्ष्य की महत्ता, उत्सवों के स्वरूप की ध्येयता, शताब्दी वर्ष के लक्ष्य, पंच परिवर्तन आदि विषय हैं।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ संसार का एक मात्र ऐसा संगठन है जिसकी शैली जितनी सहज और सरल है लेकिन उसका वैचारिक अनुष्ठान उतना ही गहन और गंभीर है। सौ वर्षो की संघ यात्रा में प्रचारकों की पीढ़ियां बदलीं हैं लेकिन संघ का ध्येय, संकल्प और लक्ष्य में कोई विचलन नहीं आया। राष्ट्र के परम वैभव और समाज में साँस्कृतिक चेतना को जो संकल्प पहले दिन था वह आज भी है। संघ की यही विशेषता है जो संघ की साख और पहचान सबसे अलग रखती है। हिन्दी विवेक के इस ग्रंथ इन सब विन्दुओं, संघ शक्ति, ऊर्जा का आधार और स्वयंसेवकों की एकनिष्ठा का यथेष्ट चित्रण है। इस ग्रंथ की सामग्री पठनीय और अनुकरणीय भी है। अधिकांश लेखकों की भाषा प्रवाहमान है। जो सामान्य पाठक को भी सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रवोध की ओर प्रेरित करती है।

# उद्योग मंत्री 18 अगस्त को कोरबा में करेंगे विकास कार्यों की समीक्षा

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन सोमवार 18 अगस्त को जिला पंचायत कोरबा सभागृह में प्रातः 11:30 बजे नगर निगम कोरबा के विभिन्न विकास कार्यों और शासकीय योजनाओं की समीक्षा बैठक लेंगे।

जारी प्रोटोकॉल के मुताबिक मंत्री श्री देवांगन प्रातः 11:15 बजे चारपारा कोहड़िया से जिला पंचायत सभागृह के लिए रवाना होंगे। शाम 4.30 बजे रूमगड़ा निवासी श्री कृष्ण कुमार जी परिवार के दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होने के पश्चात रायपुर के लिए रवाना होंगे।

# पीएम आवासः यह सिर्फ पक्का मकान ही नहीं है, बुढ़ापे का सहारा भी है

## पक्का मकान से खुश है केराकछार की छेरकीन बाई



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** जंगलों के बीच कच्चे मकान में बसर कर रही छेरकीन बाई को लगता था कि एक दिन वे लोग भी पक्के मकान में निवास करेंगे। घर की गरीबी और परिस्थितियों ने ऐसे मोड़ पर लाकर खड़ा कर दिया कि पक्का आवास का सपना महज सपना ही रह गया। वक्त के साथ छेरकीन बाई अकेली ही अपनी झोपड़ी में रह गई। बच्चे भी नहीं थे। बुढ़ापे में बाल पक गए, उम्मीदें टूट गई और इन टूटे हुए उम्मीदों के बीच उन्हें बारिश के दिनों समस्याओं से जूझना पड़ता था। इस बीच प्रधनमंत्री आवास योजना में उनका नाम चयन होने के बाद जब पक्के मकान के लिए पहली किस्त मिली तो वृद्धा छेरकीन बाई ने अपने सगे संबंधियों की मदद से मकान तैयार करा लिया। अब जबकि बारिश का माहौल है, तब भी छेरकीन बाई को छत से पानी टपकने और खपरैल ठीक कराने की समस्याओं से दो चार होना नहीं पड़ता।

कोरबा विकासखण्ड अंतर्गत वनांचल ग्राम केराकछार की रहने वाली छेरकीन बाई ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास में नाम आने के बाद उन्होंने अपने घर के पास रहने वाले अन्य रिश्तेदारों के साथ ही अपना भी मकान बनवा लिया है। बारिश की वजह से अभी प्लास्टर का काम शेष है। आने वाले दिनों में प्लास्टर का काम भी पूरा हो जाएगा। उन्होंने बताया कि मकान बनकर तैयार है, और बारिश में वह इसी पक्के मकान में ही रह रही है। वृद्धा छेरकीन बाई ने बताया कि गरीबी की वजह से पक्का मकान बना पाना हमारे वश में नहीं था। घर में अकेली होने की वजह से कच्चे मकान में बारिश के दिनों में होने वाली परेशानियों से जूझना पड़ता था। वह तो पक्के मकान का उम्मीद छोड़ भी चुकी थी, लेकिन पीएम आवास में नाम आने के बाद उनकी टूटी हुई उम्मीद पूरी हो गई। उन्होंने बताया कि अपने नाती को गोद ली है और अब वे ही उनका देख-रेख करते हैं। छेरकीन बाई ने पीएम आवास के रूप में पक्का मकान मिलने पर कहा कि यह योजना हम जैसी गरीब और बेसहाराओं के लिए वरदान से कम नहीं। यह पक्का मकान ही नहीं है, हमारा सहारा होने के साथ हमें अनेक मुसीबतों से बचाने और आने वाले दिनों में खुशियों का पल भी है, इसलिए देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को धन्यवाद भी करना चाहती हूं।

# पंडित सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी में 31 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** पंडित सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी, बिलासपुर ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी है। विश्वविद्यालय ने 31 अगस्त तक आवेदन करने की अंतिम तिथि तय की है। यह अवसर उन विद्यार्थियों और कामकाजी लोगों के लिए खास है, जो नियमित कॉलेज नहीं जा सकते और अपनी पढ़ाई पूरी करना चाहते हैं।

शासकीय कर्मचारी भी विभागीय अनुमति लेकर विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश ले सकते हैं। विश्वविद्यालय ने स्पष्ट किया है कि सभी सरकारी विभागों द्वारा परीक्षा में शामिल होने की अनुमति सामान्य प्रक्रिया के रूप में दी जाती है।

विश्वविद्यालय ने यह भी निर्देश दिए हैं कि जिन छात्रों के प्रथम, द्वितीय या तृतीय वर्ष/सेमेस्टर के परिणाम घोषित नहीं हुए हैं, वे भी अगली कक्षा में प्रवेश हेतु आवेदन कर सकते हैं। पुराने विद्यार्थी अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर और नामांकन संख्या के माध्यम से लॉगिन कर पाठ्यक्रम जोड़ सकते हैं। आवश्यकता पड़ने पर आवेदन पत्र विश्वविद्यालय कार्यालय, बिलासपुर से भी प्राप्त किया जा सकता है।

# रायगढ़ जिले में महिला स्व सहायता समूहों ने शुरू किया रेडी-टू-ईट का उत्पादन

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को मूर्त रूप देते हुए महिला स्व-सहायता समूहों को पूरक पोषण आहार ÷रेडी-टू-ईट÷ निर्माण का कार्य पुनः सौंपा है। इस महत्वपूर्ण पहल की शुरुआत रायगढ़ जिले से हुई है। हाल ही में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने रायगढ़ की 10 महिला स्व-सहायता समूहों को अनुबंध पत्र प्रदान किए थे। इसके बाद मशीन इंस्टॉलेशन का कार्य तेजी से किया गया और अब रायगढ़ जिले के ग्राम पंचायत कोतरलिया से ÷रेडी-टू-ईट÷ उत्पादन का शुभारंभ हो चुका है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह पहल महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के साथ ही आंगनबाड़ी के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण पौष्टिक आहार उपलब्ध कराएगी। उन्होंने कहा कि देशभर में 3 करोड़ ÷लखपति दीदी÷ बनाने का लक्ष्य रखा गया है और छत्तीसगढ़ इस दिशा में तेज गति से कार्य कर रहा है। रायगढ़ इस अभियान में अग्रणी जिला बना है।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी ने ग्राम कोतरलिया में ÷रेडी-टू-ईट÷ निर्माण इकाई का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने स्वयं मशीन चलाकर निर्माण प्रक्रिया का निरीक्षण किया और महिलाओं को गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। वित्त मंत्री ने कहा कि रायगढ़ से प्रारंभ हुई यह पहल शीघ्र ही प्रदेश के सभी जिलों में लागू होगी और यह मॉडल पूरे प्रदेश के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण बनेगा।

# स्किल डेव्हलपमेंट से जुड़कर जशपुर अंचल की बेटियां बन रही हैं आत्मनिर्भर





## मुयमंत्री की पहल पर संचालित हो रहे रोजगारमूलक कई कोर्स

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल पर राज्य में युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ने के लिए स्किल डेव्हलपमेंट के कई नवीनतम कोर्स संचालित किए जा रहे है। जशपुर के नवगुरूकुल शिक्षण संस्थान में स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम से जुड़ने की इच्छुक युवतियों को बिजनेस एवं टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों में निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। यहां आनी वाली युवतियों को हॉस्टल, भोजन एवं लैपटॉप जैसी आवश्यक सुविधाएँ भी उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियाँ भी आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हो सकें।

कुनकुरी की कुमारी नेहा खाखा ने 12वीं उत्तीर्ण करने के बाद जशपुर के नवगुरूकुल शिक्षण संस्थान में प्रवेश परीक्षा पास कर फाइनेंस स्किल प्रोग्राम जॉइन किया। एक वर्ष के अध्ययन उपरांत आज वे इसी संस्थान में एसोसिएट टीचर के रूप में कार्यरत हैं और प्रतिमाह 15 हजार रुपए का वेतन प्राप्त कर रही हैं। वे कहती हैं कि नवगुरूकुल ने मेरी जिंदगी की दिशा बदल दी। यहाँ आकर मैंने एआई फीचर और गूगल शीट जैसे आधुनिक टूल्स को सीखा। आज मैं न सिर्फ खुद आत्मनिर्भर हूँ बल्कि अन्य छात्राओं को पढ़ाकर उन्हें भी आगे बढ़ा रही हूँ।

पत्थलगाँव की कुमारी वृंदावती यादव ने प्रोग्रामिंग स्कूल जॉइन किया। 15 माह के कोर्स उपरांत वे आज पार्ट-टाइम इंटर के रूप में कार्य कर रही हैं और प्रतिमाह 13 हजार रुपए कमा रही हैं। मुझे लगा था कि आर्थिक स्थिति के कारण मैं आगे नहीं बढ़ पाऊँगी, आज मैं पढ़ाई के साथ काम कर रही हूँ और खुद को तकनीकी रूप से सक्षम महसूस करती हूँ। बगीचा की कुमारी उषा यादव को बचपन से ही डिजाइनिंग का शौक था, परंतु पारिवारिक आर्थिक स्थिति के कारण वे ग्राफिक डिजाइनिंग का कोर्स नहीं कर पाई।

# प्रदेश में अब तक 722.0 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** छत्तीसगढ़ में 1 जून से अब तक 722.0 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड की जा चुकी है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा स्थापित राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश में अब तक बलरामपुर जिले में सर्वाधिक 1140.6 मि.मी. वर्षा रिकार्ड की गई है। बेमेतरा जिले में सबसे कम 367.2 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है।

रायपुर संभाग में रायपुर जिले में 638.9 मि.मी., बलौदाबाजार में 571.3 मि.मी., गरियाबंद में 620.0 मि.मी., महासमुंद में 581.8 मि.मी. और धमतरी में 624.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है।

बिलासपुर संभाग में बिलासपुर जिले में 731.8 मि.मी., मुंगेली में 742.7 मि.मी., रायगढ़ में 858.2 मि.मी., सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 621.3 मि.मी., जांजगीर-चांपा में 908.8 मि.मी., सक्ती में 770.8 मि.मी., कोरबा में 753.1 मि.मी., गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही 678.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है।

दुर्ग संभाग में दुर्ग जिले में 603.5 मि.मी., कबीरधाम में 531.2 मि.मी., राजनांदगांव में 669.0 मि.मी., मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 891.3 मि.मी., खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 509.2 मि.मी., बालोद में 749.1 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। सरगुजा संभाग में सरगुजा जिले में 530.9 मि.मी., सूरजपुर में 865.8 मि.मी., जशपुर में 769.6 मि.मी., कोरिया में 820.0 मि.मी. और मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 747.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। बस्तर संभाग में बस्तर जिले में 908.6 मि.मी., कोंडागांव में 618.3 मि.मी., कांकेर में 797.8 मि.मी., नारायणपुर में 812.7 मि.मी., दंतेवाड़ा में 826.3 मि.मी., सुकमा में 642.0 मि.मी., और बीजापुर में 904.7 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड की जा चुकी है।

# राजधानीवासियों को लुभा रही जनसंपर्क विभाग की छायाचित्र प्रदर्शनी

## छायाचित्र प्रदर्शनी और ि़्ज प्रतियोगिता में युवा लें रहे उत्साह से हिस्सा





**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** छत्तीसगढ़ राज्य की रजत जयंती वर्ष पर राजधानी के टाउन हॉल में जनसंपर्क विभाग द्वारा लगायी गई छायाचित्र प्रदर्शनी राजधानीवासियों को लुभा रही है। इस प्रदर्शनी में केबीसी के तर्ज पर यहां क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित की जा रही है। युवा इसमें उत्साह के साथ हिस्सा लें रहे हैं। छायाचित्र प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ की परंपराओं, स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास, छत्तीसगढ़ के पुरोधाओं का जीवन परिचय और उनका स्वतंत्रता संग्राम में अमूल्य योगदान तथा राज्य निर्माण की यात्रा से जुड़ी कई दुर्लभ तस्वीरें प्रदर्शित की गई हैं। साथ ही डिजिटल स्क्रीन पर स्लाइड शो भी के माध्यम से भी छत्तीसगढ़ सरकार की उपलब्धियों प्रदर्शित की जा रही है।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के जीवन पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। इस छायाचित्र प्रदर्शनी में प्रगति पथ पर छत्तीसगढ़, प्रधानमंत्री आवास योजना, कृषक उन्नति योजना, महतारी वंदन योजना, विष्णु का सुशासन-संवाद से समाधान तक, सुशासन तिहार छत्तीसगढ़ अंजोर, राज्य का प्रथम आदिवासी संग्रहालय, स्वर्णिम भविष्य की राह, औद्योगिक नीति, नई शिक्षा नीति से भविष्य उज्ज्वल, वनांचल मा समृद्धि के आधार हमर हरा सोना जैसी लोककल्याणकारी योजनाओं की जानकारी और छत्तीसगढ़ राज्य की उपलब्धियां को भी प्रदर्शित किया गया है। 21 अगस्त तक चलने वाली यह सात दिवसीय प्रदर्शनी प्रातः 10.30 से रात्रि 8 बजे तक आम लोगों के लिए निःशुल्क खुली रहेगी। जे.आर. दानी गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल की छात्राओं के दल ने आज प्रदर्शनी का अवलोकन किया और क्विज में हिस्सा भी लिया। इस दौरान कु. सरिता यादव, कु. कशिश श्रीवास, कु. हेमा पटेल और कु. छाया लालवानी ने कहा कि प्रदर्शनी रोचक और ज्ञानवर्धक है। प्रदर्शनी में आगंतुकों के लिए छत्तीसगढ़ के इतिहास और सामान्य ज्ञान पर आधारित क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित किया जा रहा है, जिसमें रायपुर के विभिन्न स्कूलों और छात्रावासों के बच्चों ने इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं और छत्तीसगढ़ के सामान्य ज्ञान से संबंधित प्रश्नों का उत्तर दे रहे हैं और क्विज के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार भी वितरित किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी देखने आए प्राचार्य डॉ. हितेश कुमार देवांगन, व्याख्याता योगिता चंद्रवंशी, संकुल समन्वयक खोमेश्वर राम देवांगन, व्याख्याता मीना भारद्वाज, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार के डॉ. भीष्म सोनकर सहित अनेक लोगों ने भी इस आयोजन की सराहना की और विजिटर्स बुक में अपने अनुभव और सुझावों को साझा किया।

# पटवारी ग्रामीण राजस्व व्यवस्था की रीढ़ः मुख्यमंत्री श्री साय

## पटवारियों कार्यालयों के सुचारू संचालन के लिए 7॰70 करोड़ रूपए की राशि स्वीकृत

## आम जनता को राजस्व संबंधी सुविधाएं अब आसानी से मिलेगी- राजस्व मंत्री श्री वर्मा

**रायपुर, ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल पर पटवारी कार्यालयों के सुचारू संचालन के लिए 7.70 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है। इससे कार्य में सहूलियत मिलेगी बल्कि आम जनता को राजस्व सेवाएं अब और तेजी व पारदर्शिता से उपलब्ध होंगी। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि पटवारी हमारी ग्रामीण राजस्व व्यवस्था की रीढ़ हैं। उनकी समस्याओं का समाधान हमारी प्राथमिकता है। इससे उनके कार्य करने की परिस्थितियाँ बेहतर होंगी और जनता को त्वरित सेवा मिलेगी। राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने कहा सरकार ने पटवारियों की जायज़ मांगों को स्वीकार करते हुए वित्तीय स्वीकृति दी है। वित्तीय वर्ष 2025-26 की मांग पत्रक में सम्मिलित बिंदुओं पर विचार करते हुए पटवारियों के लिए विभिन्न मदों में राशि आबंटित की गई है। इसमें कार्यालय संचालन, आवश्यक संसाधन एवं सुविधा विस्तार के लिए यह राशि उपलब्ध कराई जाएगी। इस निर्णय से कार्यप्रणाली में पारदर्शिता बढ़ेगी और आम जनता को और अधिक सुगम सेवाएँ मिलेंगी। इस संबंध में राजस्व विभाग द्वारा आदेश जारी कर दिए गए हैं। प्रदेशभर के पटवारी संगठनों ने इस फैसले का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री और राजस्व मंत्री का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय छत्तीसगढ़ की राजस्व व्यवस्था को सुदृढ़ करने वाला ऐतिहासिक कदम है।

# राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की कार्यकारिणी समिति की बैठक में लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय

**27 प्रतिशत वेतन वृद्धि से लेकर स्थानांतरण नीति में सुधार तक , एनएचएम कर्मचारियों को मिला राहत पैकेज**

**10 लाख का स्वास्थ्य बीमा और 30 दिन का मेडिकल अवकाश — एनएचएम बैठक में अहम फैसले**

**गंभीर बीमारी या दुर्घटना की स्थिति में 30 दिन का सवैतनिक मेडिकल अवकाश**



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) अंतर्गत राज्य स्वास्थ्य समिति की कार्यकारिणी समिति की बैठक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के सचिव श्री अमित कटारिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक में छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ की ओर से प्रस्तुत मांगों पर विस्तार से चर्चा की गई। विचार-विमर्श के उपरांत समिति ने कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये। बैठक में सर्वप्रथम वार्षिक कार्य मूल्यांकन (सीआर) व्यवस्था में पारदर्शिता लाने पर सहमति बनी। अब राज्य और जिला स्तर पर ऐसे पदों के लिए, जिनके स्वीकारकर्ता अधिकारी मिशन संचालक होंगे, अपील सुनवाई का अधिकार स्वास्थ्य विभाग के भारसाधक सचिव को मिलेगा। वहीं जिला और विकासखंड स्तर पर, जहां स्वीकारकर्ता अधिकारी कलेक्टर अथवा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी होंगे, वहां अपील मिशन संचालक के समक्ष प्रस्तुत की जा सकेगी। अपीलीय अधिकारी को प्रतिकूल टिप्पणी अथवा सेवा समाप्ति संबंधी आदेश को मान्य अथवा अमान्य करने का अधिकार दिया गया है। इसके अलावा, मेडिकल अवकाश सुविधा के अंतर्गत दुर्घटना या गंभीर बीमारी की स्थिति में 30 दिन का सवैतनिक अवकाश देने का निर्णय लिया गया।

# प्लास्टिक कचरे के प्रबंधन में प्रदेश का दूसरा और सरगुजा संभाग का पहला जिला स्तरीय प्लास्टिक प्रोसेसिंग केन्द्र का शुभारंभ

## सरगुजा जिले के 569 ग्राम पंचायतों की लगभग 2500 स्वच्छाग्राही दीदीयों को मिलेगा आर्थिक लाभ






**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत सरगुजा जिले ने ठोस एवं प्लास्टिक कचरे के वैज्ञानिक और व्यवस्थित प्रबंधन में एक और उपलब्धि हासिल की है। अम्बिकापुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत दरिमा में जिला स्तरीय प्लास्टिक प्रोसेसिंग इकाई केन्द्र की स्थापना की गई है, जो कि प्रदेश में दूसरा एवं सरगुजा संभाग का पहला केन्द्र है।

इस केन्द्र का उद्घाटन लूण्ड्रा विधायक श्री प्रबोध मिंज ने किया। श्री मिंज ने कहा कि स्वच्छता प्रबंधन के क्षेत्र में सरगुजा जिला आज अन्य जिलों के लिए रोल मॉडल बन रहा है। यह केन्द्र पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण आजीविका संवर्धन का उत्कृष्ट उदाहरण बनकर उभरेगा। उन्होंने कहा कि यह केन्द्र न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा, बल्कि महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान करेगा।

कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ श्री विनय कुमार अग्रवाल ने कहा कि प्लास्टिक प्रदूषण आज विश्व स्तर पर एक गंभीर चुनौती है और इसे दूर करने के लिए ऐसे ठोस कदम आवश्यक हैं। जिले की यह पहल प्रधानमंत्री के ÷स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत÷ के संकल्प को मजबूत करेगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा देगी। उन्होंने कहा कि एम.आर.एफ. यूनिट से जिले के 569 ग्राम पंचायतों की लगभग 2500 स्वच्छाग्राही दीदीयों को कचरे के विक्रय पर सीधा आर्थिक लाभ मिलेगा। साथ ही प्लांट में कार्यरत 30-35 महिलाओं को प्रतिमाह 7500 रुपये मानदेय पर रोजगार का अवसर प्राप्त होगा। यह केन्द्र महिलाओं को आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी। गौरतलब है कि प्लास्टिक प्रोसेसिंग यूनिट के माध्यम से सभी ग्रामों में स्थापित सेग्रीगेशन शेड/कलस्टर से सूखा एवं ठोस कचरा उठाकर प्लास्टिक का प्रोसेसिंग भेजा जाएगा। जहां प्लास्टिक को पुनर्चक्रित कर दाने, गट्टे एवं अन्य उत्पाद तैयार किए जाएंगे। वर्तमान में प्लास्टिक के दानों से रस्सी बनाने का कार्य शुरू हो चुका है, जबकि आगामी समय में प्लास्टिक बाल्टी व डस्टबिन बनाने की दिशा में भी काम किया जा रहा है। सरगुजा जिले के सभी 569 सेग्रीगेशन शेड एवं 7 प्लास्टिक प्रबंधन केन्द्रों को इस जिला स्तरीय इकाई से जोड़ा गया है। कार्य के प्रभावी संचालन हेतु 10-12 ग्रामों का क्लस्टर बनाकर जिला, जनपद एवं पंचायत स्तरीय अमलों को जिम्मेदारी दी गई है। साथ ही, नियमित मॉनिटरिंग एवं फॉलोअप कर कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित की जा रही है। इस अवसर जिला पंचायत अध्यक्ष निरूपा सिंह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री देवनारायण यादव,जिला पंचायत सदस्य अनिमा केरकेट्टा, अम्बिकापुर जनपद पंचायत उपाध्यक्ष श्री सतीश यादव, जनपद सदस्य प्रसुन्न सिंह जनप्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# बर्थ-डे पार्टी में सिगरेट को लेकर विवाद, जमकर चले चाकू-फरसा; भाजयुमो नेता पर हमला करने का आरोप

**जबलपुर, एजेंसी।** जबलपुर शहर से 40 किलोमीटर दूर बरगी के एसएसबी रिसोर्ट में रविवार-सोमवार की दरमियानी रात बर्थ-डे पार्टी के दौरान दो पक्षों के बीच जमकर विवाद हुआ। कुछ ही देर में एक पक्ष ने पिस्टल, चाकू और फरसा से लैस होकर दूसरे पक्ष पर हमला कर दिया। इस घटना में पांच लोग घायल हुए, जिनका निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। बरगी पुलिस चौकी की टीम देर रात को मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए भेजकर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। हिंसक विवाद की वजह महज एक सिगरेट थी, जिसको लेकर दो गुट आपस में भिड़ गए। हमला करने वालों में भारतीय जनता युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष की मुख्य भूमिका बताई जा रही है, जिसने भीड़ में फरसा लहराते हुए हमला किया है।



**सिगरेट मांगने से शुरू हुआ विवाद :** जानकारी के अनुसार, जबलपुर का शरद यादव अपना बर्थ-डे मनाने अपने साथी आशुतोष नाथ (बरगी निवासी), अभिलाष चौधरी, विष्णु रजक और राहुल पाठक के साथ एसएसबी रिसॉर्ट गया था। यहां बर्थ-डे पार्टी चल रही थी। इसी बीच अभिलाष चौधरी के मोबाइल पर कॉल आया और वह रिसॉर्ट से बाहर आकर बात करने लगा। साथ ही वह सिगरेट पी रहा था, कुछ देर बाद बरगी नगर निवासी अंकित पटेल उसके पास आया और सिगरेट मांगने लगा, जिस पर अभिलाष ने यह कहते हुए देने से मना कर दिया कि मैं तुझे नहीं जानता हूं। इतना सुनते ही अंकित के साथ में खड़े राजेंद्र पटेल नाम के लड़के ने भाजयुमो के बरगी अध्यक्ष राकेश उर्फ गोलू आर्मो को कॉल कर मौके पर बुलाया। अभिलाष ने बताया कि भाजयुमो नेता कुछ साथियों के साथ आया और फरसे से हमला कर दिया। अफरा-तफरी का माहौल था, लोग अपनी जान बचाकर भागे और बरगी नगर पुलिस चौकी पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। आशुतोष नाथ का कहना है कि बर्थ-डे पार्टी के दौरान कुछ पुराने दोस्त मिल गए, तो उनके साथ बैठ गया। इसी बीच शोर सुनाई दिया तो मौके पर जाकर बीचबचाव करने लगा, तभी भाजयुमो नेता राकेश उर्फ गोलू आर्मो ने अपने साथी अंकित पटेल, राजेंद्र पटेल, बाबू, संगम सहित अन्य के साथ चाकू, फरसा से हमला कर दिया। आशुतोष का कहना है कि भाजयुमो नेता ने गर्दन पर हमला किया, जिससे बचने पर कंधे में चोट लगी है।

आशुतोष नाथ ने बताया कि जिस लोगों ने हम पर हमला किया है, उसका मास्टरमाइंड भाजयुमो नेता राकेश उर्फ गोलू आर्मो है। घायल ने बताया कि एक दर्जन से अधिक लड़के पिस्टल, चाकू और फरसा से लैस होकर जान से मारने की नीयत से पहुंचे थे। वारदात के समय हम लोगों ने मौके से भागकर अपनी जान बचाई है। घायलों का इलाज अभी निजी अस्पताल में इलाज जारी है।

**पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की :** घटना की जानकारी मिलते ही बरगी नगर चौकी प्रभारी सरिता पटेल टीम के साथ मौके पर पहुंचीं और घायलों के बयान दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी है। पटेल ने बताया कि एसएसबी रिसॉर्ट में बर्थडे पार्टी के दौरान दो पक्ष आपस में भिड़ गए हैं। शुरूआती जांच में पता चला है कि एक सिगरेट को लेकर विवाद शुरू हुआ था। फिर भाजयुमो नेता गोलू आर्मो, अंकित पटेल, राजेंद्र पटेल और उनके अन्य साथियों ने चाकू, फरसा से हमला किया है। पुलिस ने घायलों की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। सभी घायलों को तत्काल इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। पुलिस ने हमलावरों की तलाश भी शुरू कर दी है।

## डंपर ने कार को मारी टक्कर, सीसीटीवी आया सामने; पति-पत्नी सवार थे



**रतलाम, एजेंसी।** रतलाम के सागोद रोड पर रविवार दोपहर एक बड़ा हादसा टल गया। रोड क्रॉस कर रही कार को पीछे से डंपर ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार तिरछी घूम गई। हालांकि स्पीड धीमी होने से बड़ा हादसा होने से बच गया। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है।

**ज्वेलर्स शो-रूम के सामने हुई घटना :** घटना रविवार शाम करीब 4:40 बजे की है। कलीमी कॉलोनी निवासी हितेश सुराणा पिता लालचंद सुराणा अपनी पत्नी अर्चना के साथ कार (क्रमांक स्क्क43 ँत्र 2348) से जेएमडी पेलैस की तरफ रोड क्रॉस कर रहे थे। तभी बिबड़ौद की ओर से आए डंपर (क्रमांक स्क्क43 ँरु0922) ने कार के ड्राइवर साइड पीछे से जोरदार टक्कर मार दी।

**कार का बोनट टूटा, दंपती सुरक्षित :** टक्कर से कार का बोनट टूट गया और वाहन तिरछा हो गया। हादसे में पति-पत्नी सुरक्षित रहे। घटना की जानकारी तुरंत पुलिस को दी गई। सूचना पर डीडी नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने डंपर चालक लोकेश पिता नारायण मईडा निवासी बाजना को गिरफ्तार कर वाहन जब्त कर लिया। मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## खरगोन में गोगा नवमी पर निकली छड़ी यात्रा, दामखेड़ा से शुरू होकर वाल्मीकि घाट तक पहुंची; रात 12 बजे हुआ विसर्जन

**खरगन ।** खरगोन में वाल्मीकि समाज ने गोगा नवमी के अवसर पर श्री वीर गोगादेव का जन्मोत्सव मनाया। इस दौरान दामखेड़ा से एक छड़ी यात्रा निकाली गई। यात्रा लगभग 6 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए अलग-अलग मार्गों से गुजरी। यात्रा के दौरान बावड़ी बस स्टैंड, राधावल्लभ मार्केट और न्यू राधा वल्लभ मार्केट में स्थानीय लोगों ने स्वागत किया। सकल हिंदू समाज के बबलू पाल, आशुतोष अग्रवाल और विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने छड़ी शोभायात्रा का स्वागत किया।



**बड़ा गणेश मंदिर और काल भैरव मंदिर क्षेत्र से गुजरी यात्रा :** छड़ी यात्रा का मार्ग दामखेड़ा कॉलोनी से शुरू हुआ। यह नवग्रह मंदिर, बावड़ी बस स्टैंड, राधावल्लभ मार्केट, गुरुनानक चौराहा और सराफा बाजार से होते हुए किला गेट पहुंची। यात्रा बड़ा गणेश मंदिर और काल भैरव मंदिर क्षेत्र से गुजरी। कार्यक्रम का समापन रात्रि 12 बजे वाल्मीकि घाट पर छड़ी विसर्जन के साथ हुआ।

**ये उपस्थित थे-**

वाल्मीकि समाज के प्रमुख सदस्यों में संजय करोसिया खलीफा, दीपक पंडित उस्ताद, राजू करोसिया, विकास घारू, रजत करोसिया और आनंद चावरे शामिल रहे। अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा के संभागीय महामंत्री संजय करोसिया भी उपस्थित थे।

## खजुराहो में हॉस्टल में छात्र की लाश मिली, शरीर पर नीले निशान मिले; एक महीने पहले एडमिशन कराया था

**खजुराहो, एजेंसी।** खजुराहो के ज्ञान गंगा स्कूल के हॉस्टल में एक छात्र की मौत का मामला सामने आया है। छात्र के रूममेट उसे सुबह जगाने गए तो वह नहीं उठा। इसके बाद उन्होंने स्कूल मैनेजमेंट को सूचना दी। बमीठा थाना प्रभारी आशुतोष सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी परिजन और स्कूल संचालक ने थाने में दी। ग्राम गंज स्थित ज्ञान गंगा स्कूल के हॉस्टल में दूसरी क्लास के 7 वर्षीय छात्र अनुराग की मौत हुई है। बच्चे के शरीर पर नीलेपन के निशान हैं, जो आंतरिक समस्या या दम घुटने का संकेत भी हो सकता है। हो सकता है कि किसी जहरीले कीड़े ने काटा हो या फिर जहरीला पदार्थ दिया गया है। शरीर पर कोई चोट के निशान भी नहीं हैं। मौत की असल वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही सामने आएगी। छात्र के पिता बबलू पटेल का कहना है कि उन्होंने एक महीने पहले ही अनुराग का एडमिशन स्कूल में कराया था। स्कूल कैंपस में बने हॉस्टल में वो अन्य छात्रों के साथ रह रहा था। रविवार रात तक वो पूरी तरह से स्वस्थ था। सोमवार सुबह 6 बजे हमें स्कूल संचालक प्रमोद त्रिवेदी का कॉल आया कि बच्चे की तबीयत खराब है। जब हम यहां पहुंचे तो पता चला कि उसकी मौत हो चुकी है। उसे पहले से कोई बीमारी भी नहीं थी। पता नहीं कैसे उसकी मौत हो गई।



## सागर में 10.28 ग्राम एमडी ड्रग के साथ आरोपी गिरफ्तार, शिवपुरी से ट्रेन में आया था सागर; ड्रग बेचने की फिराक में खड़ा था



**सागर, एजेंसी।** सागर की मोतीनगर थाना पुलिस ने एमडी ड्रग की तस्करी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 10.28 ग्राम अवैध मादक पदार्थ बरामद किया गया है, जिसकी बाजार कीमत लगभग 27 हजार रुपए है। आरोपी को थाने लाकर पूछताछ की जा रही है और उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

**मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई :** मोतीनगर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि अमावनी कचरा प्लांट के पास एक संदिग्ध व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ की तस्करी की तैयारी में खड़ा है। इसके बाद थाना प्रभारी जसवंत सिंह राजपूत के नेतृत्व में पुलिस टीम तत्काल मौके पर रवाना हुई। कचरा प्लांट के पास पुलिस को देखकर आरोपी भागने लगा, लेकिन टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया।

**तलाशी में मिला एमडी ड्रग :** पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम परमलाल पिता पहलवान सिंह गौर (29), निवासी जवाहर कॉलोनी, शिवपुरी बताया। उसकी तलाशी लेने पर 10.28 ग्राम एमडी ड्रग बरामद हुआ। आरोपी को गिरफ्तार कर थाने लाया गया, जहां एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है।

**ट्रेन से लेकर आया था नशा, सागर में बेचने की थी योजना :** प्रारंभिक पूछताछ में खुलासा हुआ है कि आरोपी यह मादक पदार्थ ट्रेन के जरिए शिवपुरी से सागर लाया था। वह यहां किसी को ड्रग सप्लाई करने की फिराक में था। पुलिस यह भी पता लगा रही है कि वह ड्रग किसे देने आया था और इसके पीछे कौन-कौन लोग शामिल हैं। मोतीनगर ञ्द्ध जसवंत सिंह राजपूत ने बताया मामले की गहराई से जांच की जा रही है और जल्द ही पूरे नेटवर्क का खुलासा किया जाएगा।

## खंडवा में निकला गोगादेव नवमी का जुलूस, झांकियों में दादा दरबार के मॉडल ने लुभाया; चल समारोह में शामिल अमित जैन को जेल भेजा

**खंडवा, एजेंसी।** खंडवा में श्रीवीर गोगादेव चौहान की नवमी पर रविवार रात में छड़ियों (निशान) का चल समारोह निकाला गया। छड़ियों के 17 से 20 फीट तक के सेहरे में भगवान विष्णु, भारत माता, श्री दादाजी मंदिर और श्री गोगादेवजी की आकर्षक झांकियां बनाई गईं। रात में तेज बारिश के बीच समाजजन निकले। इधर, जुलूस में शामिल हुए महादेव गढ़ के अमित जैन को पुलिस ने शांतिभंग के मामले में जेल भेज दिया।



**बरसते पानी में झूमे युवा :** जानकारी के अनुसार, शाम 7:30 बजे गांधीनगर से शुरू हुआ जुलूस मोघट रोड और इमलीपुरा होते हुए बड़ाबम क्षेत्र पहुंचा, जहां शाम 9ः15 बजे तेज बारिश शुरू हो गई। लेकिन, बारिश ने श्रद्धालुओं का उत्साह नहीं घटाया, बल्कि युवा बरसते पानी में झूमते हुए शामिल रहे।

इस जुलूस का मार्ग केवलराम पंप चौराहे तक था, जहाँ घासपुरा, सिंघाड़ तलाई और 16-खोली क्षेत्रों से जुड़ी छड़ियां भी शामिल हुईं। देर रात मुख्य समारोह स्थल श्री गोगादेव मंदिर के पास सभी छड़ियाँ निगम तिराहा, मेडिकल चौक, शिवाजी चौक होते हुए दूध तलाई पहुँचा कर शोभा यात्रा का समापन हुआ।

रास्ते में केवलराम चौराहा, बांबे बाजार, घंटाघर, नगर निगम सहित अन्य प्रमुख स्थानों पर विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक संस्थाओं ने छड़ियों का गरिमापूर्ण स्वागत किया। महादेवगढ़ से जुड़े अमित जैन को शांतिभंग के आरोप में जेल भेजा महादेवगढ़ से जुड़े स्थानीय व्यक्ति अमित जैन को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया। डीआईजी ने बताया कि रविवार गोगा देव जुलूस में शामिल होने के दौरान अमित जैन मोघट रोड के पास हिन्दू-बहुल क्षेत्रों से होते हुए जा रहा था। आयोजक और पुलिस दोनों ने उसे जुलूस से बाहर निकलने का आग्रह किया, लेकिन जब वह नहीं माना और वहां सांप्रदायिक अपमानजनक बातें करता देखा गया, तो पुलिस ने शांति भंग का मामला दर्ज कर उसी समय उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बता दें कि, इससे पहले कलेक्टर ने उसे जिलाबदर किया था।

## जिला अस्पताल में मरीजों की लंबी कतार: छतरपुर में ड्यूटी पर घंटों की देरी से आते हैं डॉक्टर, पंखों की कमी, सफाई भी नहीं

**छतरपुर, एजेंसी।** छतरपुर जिला अस्पताल में तीन दिन की छुट्टियों के बाद सोमवार को मरीजों की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह 9:30 बजे से शुरू होने वाली ओपीडी में साढ़े 11 बजे तक बाल एवं शिशु रोग विशेषज्ञ नहीं पहुंचे।



अस्पताल में पंखों की व्यवस्था न होने से मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। महिलाएं अपने बच्चों को दवा के पर्चे से हवा करती नजर आई। इमरजेंसी और ओपीडी में लोगों की लंबी कतारें लगी रहीं।

**मरीज सुबह से करते हैं इंतजार :** पूनम नाम की मरीज ने बताया कि वे समय पर अस्पताल पहुंची थीं। डॉक्टर के न आने से थककर जमीन पर बैठना पड़ा। पठापुर रोड की रहने वाली अनु कुशवाहा ने बताया कि उनके बच्चे को मस्तिष्क का बुखार है। गर्मी के बावजूद लाइन में खड़ी हैं।

**22 से 25 डॉक्टर नदारद :** जिला अस्पताल में ओपीडी का समय सुबह 9:30 से दोपहर 2:00 बजे तक है। हेल्प डेस्क पर कोई कर्मचारी मौजूद नहीं था। बाह्य ओपीडी 22 और 25 में भी डॉक्टर नदारद थे।

जिले के 100 किलोमीटर दूर से आने वाले मरीजों को या तो वापस लौटना पड़ता है या महंगे प्राइवेट अस्पतालों का रुख करना पड़ता है। इस मामले में सिविल सर्जन शरद चौरसिया और एसडीएम अखिल राठौर से संपर्क का प्रयास किया गया, लेकिन दोनों ने फोन नहीं उठाया।

## युवक ने लगाई फांसी, बच्ची को सांप ने डसा: रायसेन में 5 साल की मासूम गड्ढे में डूबी, एक दिन में तीन मौत

**रायसेन, एजेंसी।** रायसेन की सिलवानी तहसील में एक ही दिन में तीन अलग-अलग घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई। जिसमें दो नाबालिग लड़कियां और एक युवक शामिल है। जानकारी के अनुसार जैथारी चौकी क्षेत्र में 23 साल के अनिकेत साहू ने पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। अनिकेत के पिता का नाम सुरेश साहू है और वो जैथारी का रहने वाला था। आत्महत्या का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। इसी क्षेत्र में दूसरी घटना में फूलमार गांव की 13 साल की अनामिका को सांप ने डस लिया। सर्पदंश के कारण उसकी मौत हो गई। तीसरी घटना बम्होरी थाना क्षेत्र के पटना गांव में हुई। यहां 5 साल की पिंकी पानी के गड्ढे में डूब गई। पिंकी के पिता का नाम दिनेश है।सभी शवों का पोस्टमार्टम कराया गया पुलिस ने तीनों मामलों में मर्ग कायम कर लिया है। सभी शवों का पोस्टमार्टम कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। यह तीनों घटनाएं रविवार की है।

## कोलीपुरा में महिलाओं पर हमला-दुकान का सामान गड्ढे में फेंका, एक्टिवा-मोबाइल छीने, दो आरोपी गिरफ्तार

**सीहोर, एजेंसी।** नगर के कोलीपुरा क्षेत्र में बीती रात महिलाओं के साथ मारपीट की घटना हुई। गंभीर रूप से घायल महिलाओं को इलाज के लिए जिला अस्पताल सीहोर में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, कोलीपुरा क्षेत्र में मेवाड़ा परिवार की दुकान कई सालों से चल रही थी। इसी दुकान को लेकर महेश मेवाड़ा, अखिलेश मेवाड़ा, जितेंद्र मेवाड़ा और उनके साथियों ने हमला कर दिया।

**बहू और परिजन गंभीर रूप से घायल :** हमले में मेवाड़ा परिवार की बहू सुनीता मेवाड़ा और मोहन मेवाड़ा गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों की हालत नाजुक बताई जा रही है। आरोपियों ने न केवल मारपीट की, बल्कि दुकान में रखा सारा सामान पास के गड्ढे में फेंक दिया। इतना ही नहीं, परिवार की एक्टिवा, मोबाइल और एक गाड़ी भी छीन ली गई। इस घटना के बाद परिवार डरा और सहमा हुआ है।

**पुलिस की देर से पहुंचने पर मामला बढ़ा :** परिवार ने बताया कि घटना की सूचना कोतवाली थाना पुलिस को तुरंत दी गई थी, लेकिन पुलिस देर से पहुंची। मामले में पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। इनमें से दो आरोपियों को हिरासत में लिया गया है और बाकी की तलाश जारी है।

# नर्मदापुरम में बिना परमिट बस पर अब तक कार्रवाई नहीं, यात्रियों को नहीं मिला अतिरिक्त किराया; रक्षाबंधन से पहले जब्त हुई थी बस

**नर्मदापुरम, एजेंसी।** नर्मदापुरम में रक्षाबंधन से एक दिन पहले बिना परमिट चल रही मालवीय ट्रेवल्स की एक बस को परिवहन विभाग ने 8 अगस्त की रात जब्त कर लिया था। घटना को दस दिन बीत चुके हैं, लेकिन अब तक न तो बस ऑपरेटर पर कोई ठोस कार्रवाई हुई है और न ही यात्रियों से वसूला गया अतिरिक्त किराया लौटाया गया है। बस अभी भी परिवहन विभाग परिसर में खड़ी है, और अधिकारी ऑपरेटर या उनके प्रतिनिधियों के सामने आने का इंतजार कर रहे हैं।




**भोपाल से नर्मदापुरम तक वसूला अतिरिक्त किराया :** जानकारी के मुताबिक, मालवीय ट्रेवल्स की बस (एमपी41पी1000) भोपाल-इंदौर रूट की है। रक्षाबंधन के चलते भोपाल बस स्टैंड पर भारी भीड़ थी। इस स्थिति का फायदा उठाते हुए बस स्टाफ ने भोपाल से नर्मदापुरम तक के 100 से अधिक यात्रियों को बस में ठूंस-ठूंसकर बैठाया और हर यात्री से 150 किराया वसूला, जबकि तय किराया 100 था।

बस शाम करीब 5 बजे यात्रियों से भरनी शुरू हुई और रात 9ः45 बजे नर्मदापुरम पहुंचकर भोपाल चौराहे पर यात्रियों को बीच रास्ते ही उतार दिया गया। इस दौरान महिला यात्रियों और बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। विरोध बढ़ने पर ड्राइवर और कंडक्टर बस छोड़कर भाग गए।

**मौके पर पहुंची पुलिस और आरटीओ, बस जब्त :** सूचना मिलने पर कोतवाली थाना पुलिस और परिवहन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। करीब 45 मिनट बाद आरटीओ रिंकू शर्मा भी मौके पर पहुंचीं और बस को परिवहन विभाग कार्यालय ले जाकर खड़ा करा दिया गया। उन्होंने बस का पिकनिक परमिट, ड्राइवर का लाइसेंस रद्द करने और यात्रियों को अतिरिक्त किराया वापस दिलाने का आश्वासन दिया था। लेकिन दस दिन बाद भी यात्रियों को कोई राहत नहीं मिली है।

**यात्रियों की नाराजगी, कार्रवाई की मांग :** भोपाल से यात्रा कर रही नर्मदापुरम निवासी तबस्सुम ने बताया कि वह अपने बेटे अयान के साथ बस में सवार हुई थीं। शाम 5 से 7ः30 बजे तक बस में बैठी रहीं। जब बस पूरी तरह भर गई, तब इसे रवाना किया गया। हमसे 150 वसूले गए, लेकिन अब तक वह पैसा वापस नहीं मिला। साथ ही बस स्टाफ ने यात्रियों से बदतमीजी भी की। उनके खिलाफ भी कार्रवाई होनी चाहिए, उन्होंने कहा।

**जब बस भर चुकी थी, तब जारी हुआ पिकनिक परमिट :** जानकारी के अनुसार, बस का पिकनिक परमिट शाम 6:30 बजे ऑनलाइन जारी किया गया, जबकि यात्रियों को बस में 5 बजे से बैठाना शुरू कर दिया गया था। स्थानीय लोगों के अनुसार बस स्टाफ और ऑपरेटर को कार्रवाई की भनक लग गई थी, जिसके बाद परमिट आनन-फानन में जारी करवाया गया। आरटीओ रिंकू शर्मा ने बताया कि बस को जब्त कर परिवहन कार्यालय में खड़ा कर दिया गया है। लेकिन उन्होंने यह नहीं बताया गया कि ड्राइवर कौन था या बस ऑपरेटर के खिलाफ अब तक क्या कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि जब ऑपरेटर या उनका प्रतिनिधि सामने आएगा, तब आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# प्रीमियर लीग: आर्सेनल ने मैनचेस्टर यूनाइटेड को हराकर विजयी शुरुआत की, कैलाफियोरी बने हीरो



**ओल्ड ट्रैफर्ड, एजेंसी ।** मैनचेस्टर यूनाइटेड के महंगे नए आक्रामक लाइनअप का असर पहले ही मैच में फीका पड़ गया, जबकि आर्सेनल ने रविवार को ओल्ड ट्रैफर्ड में खेले गए मुकाबले में 1-0 से जीत दर्ज करते हुए प्रीमियर लीग खिताब की अपनी मुहिम का आगाज किया।

मैच का एकमात्र गोल इटली के डिफेंडर रिकार्डो कैलाफियोरी ने 13वें मिनट में किया। यूनाइटेड के गोलकीपर अल्ताय बायिंदिर की बड़ी गलती का फायदा उठाते हुए उन्होंने आसान हेडर से गेंद को जाल में डाल दिया। बायिंदिर इस मैच में चोटिल आंद्रे ओनाना की जगह खेले थे।

यूनाइटेड ने आक्रामक कमजोरी दूर करने के लिए इस सीज़न में 200 मिलियन पाउंड खर्च कर माथियस कुन्हा, ब्रायन म्ब्यूमो और बेंजामिन सेस्को को टीम में शामिल किया है, लेकिन तीनों ही आर्सेनल की मजबूत डिफेंस को भेदने में नाकाम रहे।पिछले एक साल में टेस्ट प्रतिबद्धताओं में व्यस्त होने से पहले गिल और जायसवाल टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रहे थे और उन्होंने ढ्ढक्कमें भी अच्छा प्रदर्शन किया। गिल दरअसल सूर्य कुमार के साथ उप कप्तान थे लेकिन उन्हें टेस्ट मैचों के कारण टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों से हटना पड़ा। दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल को उप कप्तान बनाया गया था। चयनकर्ता अगर गिल को 15 खिलाड़ियों में चुनते हैं तो उन्हें फिर अंतिम एकादश में भी रखना होगा, जिसका मतलब है कि संजू, अभिषेक या तिलक में से किसी एक को अपने बल्लेबाजी स्थान से समझौता करना होगा। शुभमन को टीम में शामिल करने का मतलब रिंकू सिंह को बाहर करना भी हो सकता है। इस बड़े हिटर ने मुख्य कोच गौतम गंभीर के दौर में कोलकाता नाइट राइडर्स या भारत के लिए कुछ खास प्रदर्शन नहीं किया है। अगर तेज गेंदबाजी विभाग की बात करें तो हार्दिक पंड्या एक बेहतरीन फ्रंटलाइन तेज गेंदबाज हैं और जसप्रीत बुमराह तथा अर्शदीप सिंह का टीम में होना स्वाभाविक है, ऐसे में रिजर्व तेज गेंदबाज के स्थान के लिए तीन विकल्प हैं। आर्सेनल ने पिछले तीन सीज़न लगातार दूसरे स्थान पर खत्म किए हैं और अब कोच मिकेल आर्टेटा पर 2003-04 के बाद क्लब का पहला लीग खिताब दिलाने का दबाव है। इस मैच में टीम को गोलकीपर डेविड रायया और सॉलिड डिफेंस ने जीत दिलाई। रायया ने कई शानदार बचाव करते हुए यूनाइटेड को बराबरी का मौका नहीं दिया। यूनाइटेड की ओर से पैट्रिक डॉर्गु का शॉट पोस्ट से टकराकर बाहर गया, जबकि म्ब्यूमो और कुन्हा की कोशिशें भी नाकाम रहीं। दूसरी ओर, आर्सेनल का नया स्ट्राइकर विक्टर ग्योकरेस शांत प्रदर्शन करते दिखे और उन्हें जल्द ही काई हैवर्ट्ज़ से बदल दिया गया। दूसरे हाफ में यूनाइटेड ने दबाव जरूर बनाया, लेकिन आर्सेनल ने लीड को बनाए रखा और तीन महत्वपूर्ण अंक हासिल किए। इस जीत के साथ आर्सेनल ने अपने खिताबी प्रतिद्वंद्वियों लिवरपूल और मैनचेस्टर सिटी के साथ तालमेल बनाए रखा, जिन्होंने भी अपने शुरुआती मैचों में जीत दर्ज की।

## एशिया कप में बांग्लादेश ले सकता है पाकिस्तान की जगह, अगले कुछ दिनों में होगा अंतिम फैसला



**नई दिल्ली,एजेंसी।** हॉकी पुरुष एशिया कप में बांग्लादेश की टीम पाकिस्तान की जगह ले सकती है। यह टूर्नामेंट 29 अगस्त से बिहार के राजगीर में होना है और अगर पाकिस्तान ने अगले कुछ दिनों में इसमें भाग लेने की पुष्टि नहीं की तो बांग्लादेश को उसकी जगह शामिल किया जाएगा। भारत सरकार पहले ही कह चुकी है कि वह एशिया कप के लिए पाकिस्तानी खिलाड़ियों को वीजा देगी, लेकिन पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) ने सुरक्षा कारणों का हवाला देकर यात्रा करने से मना कर दिया है।

**अगले दो दिन में स्थिति होगी स्पष्ट :** आयोजकों ने आठ टीमों के टूर्नामेंट में पाकिस्तान की जगह भरने के लिए बांग्लादेश से संपर्क किया है, लेकिन हॉकी इंडिया ने कहा कि अगले 48 घंटों में वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। हॉकी इंडिया के अधिकारी ने कहा, भारत सरकार पहले ही कह चुकी है कि वह पाकिस्तानी खिलाड़ियों को वीजा देने को तैयार है, लेकिन अगर वे भारत नहीं आना चाहते तो यह हमारी समस्या नहीं है। अगर पाकिस्तान नहीं आता है तो बांग्लादेश को पहले ही भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जा चुका है, लेकिन हमें पुष्टि के लिए दो दिन और इंतजार करना होगा। न तो पाकिस्तान और ना ही बांग्लादेश ने अभी तक हमें इसकी पुष्टि की है। लेकिन बांग्लादेश पाकिस्तान की जगह ले सकता है।

**ये टीमें एशिया कप में लेंगी हिस्सा :** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत के साथ सैन्य टकराव के बाद एशिया कप में पाकिस्तान की भागीदारी अनिश्चित हो गई थी। एशिया कप 2026 में होने वाले विश्व कप के लिए क्वालिफाइंग टूर्नामेंट भी है। मेजबान भारत के अलावा, एशिया कप में भाग लेने वाली अन्य टीमें चीन, जापान, मलेशिया, दक्षिण कोरिया, ओमान और चीनी ताइपे हैं।

## जूनियर पुरुष हॉकी राष्ट्रीय प्रतियोगिता, टूर्नामेंट में 30 टीमें भाग लेंगी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप में 30 टीमें भाग लेंगी, जो मंगलवार से जालंधर में नए डिवीजन आधारित प्रारूप में खेली जाएगी। नया प्रारूप इस वर्ष के शुरू में सीनियर और सब जूनियर पुरुष, महिला तथा जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप में पहले ही लागू किया जा चुका है। भाग लेने वाली 30 टीमों को डिवीजन 'ए', डिवीजन 'बी' और डिवीजन 'सी' में विभाजित किया गया है। इसमें अपने से शीर्ष डिवीजन में जगह बनाने और निचले डिवीजन में खिसकने का प्रावधान है। डिवीजन 'ए' में देश की 12 सर्वश्रेष्ठ जूनियर पुरुष टीमें शामिल हैं। इनमें गत विजेता पंजाब, उपविजेता उत्तर प्रदेश और तीसरे स्थान पर रहने वाली हरियाणा भी शामिल हैं। इस डिवीजन के पूल मैच 16 अगस्त से शुरू होंगे, जिसके बाद 20 से 23 अगस्त तक क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल और फाइनल मैच खेले जाएंगे। डिवीजन 'बी' में केवल लीग मैच होंगे, जिसमें शीर्ष पर रहने वाली दो टीम अगले साल डिवीज़न 'ए' में खेलेंगी जबकि अंतिम दो स्थान पर रहने वाली दो टीम डिवीज़न 'सी' में खिसक जाएंगी। इस डिवीजन के मैच 12 से 16 अगस्त तक चलेंगे। डिवीजन 'सी' के मैच भी लीग प्रारूप में खेले जाएंगे, जिसमें टीमों को चार-चार टीमों के दो पूल में बांटा गया है। इसमें शीर्ष दो टीम अगले साल डिवीजन 'बी' का हिस्सा होंगी। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा, हैं।

## आर्चरी प्रीमियर लीग, पहले सीजन के लिए भारतीय खिलाड़ियों की लिस्ट जारी




**नई दिल्ली, एजेंसी।** आर्चरी एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एएआई) ने सोमवार को आर्चरी प्रीमियर लीग के उद्घाटन संस्करण के लिए भारतीय खिलाड़ियों की सूची जारी कर दी है। यह पहला ऐसा टूर्नामेंट होगा, जिसमें दुनिया भर के रिकर्व और कंपाउंड तीरंदाज फ्रेंचाइज़ी शैली में एक-दूसरे से भिड़ेंगे। इसमें शामिल खिलाड़ियों को विश्व रैंकिंग (टॉप-10, टॉप-20) और हाल ही में हुई एएआई चयन ट्रायल्स के आधार पर चुना गया है।

**भारतीय स्टार तीरंदाजों की मौजूदगी :** ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकीं दीपिका कुमारी (विश्व नंबर 3) और धीरज बोम्मादेवर (विश्व नंबर 14) रिकर्व कैटेगरी में खेलेंगे। वहीं कंपाउंड कैटेगरी में विश्व रिकॉर्डधारी जोड़ी – ऋषभ यादव (विश्व नंबर 9) और ज्योति सुरेखा वेन्नम (विश्व नंबर 3) भी हिस्सा लेंगी। इनके अलावा विश्व नंबर 10 अभिषेक वर्मा, विश्व नंबर 11 पृथमेश फुगे, विश्व नंबर 16 प्रियांश और विश्व नंबर 17 पर्नीत कौर भी मैदान में उतरेंगे।

हालिया चयन ट्रायल्स के आधार पर ओलंपियन तरुणदीप राय (रैंक 4) और अतानु दास (रैंक 5) भी रिकर्व प्रतियोगिता में खेलेंगे। वहीं महिला रिकर्व वर्ग में अंकिता भक्त (रैंक 2) और भजन कौर (रैंक 6) के साथ कई युवा खिलाड़ी शामिल किए गए हैं।

**कंपाउंड कैटेगरी में दमदार लाइनअप :** पुरुष कंपाउंड खिलाड़ियों में अमन सैनी (रैंक 1), ओजस प्रवीन देवताले (रैंक 5), साहिल राजेश जाधव (रैंक 6), चिट्टिबोम्मा जिग्नास (रैंक 8) और पुलकित कजला (रैंक 9) खेलेंगे। महिला कंपाउंड खिलाड़ियों में प्रिथिका प्रदीप (रैंक 3), तनीपार्थी चिकीथा (रैंक 4), अवनीत कौर (रैंक 5), सुर्या हमसिनी (रैंक 6), स्वाति दूधवाल (रैंक 7), मधुरा धामनगांवकर (रैंक 8) और प्रांजल राजेंद्र साल्वे (रैंक 9) शामिल हैं। एएआई अध्यक्ष अर्जुन मुंडा ने कहा, हमें खुशी है कि भारत के सर्वश्रेष्ठ तीरंदाज पहले सीज़न में हिस्सा ले रहे हैं। उनकी मौजूदगी इस लीग को रोमांचक बनाएगी और खेल को नई पहचान दिलाएगी। एएआई महासचिव वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा, भारतीय तीरंदाजों की सफलता ही इस लीग की नींव है। हमें विश्वास है कि यह टूर्नामेंट खेल प्रेमियों के लिए यादगार साबित होगा। यह लीग इस साल अक्टूबर में 11 दिनों तक नई दिल्ली के यमुना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित होगी।

## ईशान किशन दलीप ट्रॉफी के पहले मैच से बाहर, आकाश दीप को आराम की सलाह



**नई दिल्ली, एजेंसी।** विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन दलीप ट्रॉफी के पूर्वी क्षेत्र के पहले मैच से बाहर रहेंगे क्योंकि वह वर्तमान में यूके में नॉटिंघमशायर के साथ काउंटी क्रिकेट के दौरान लगी चोट से उबर रहे हैं। 28 नवंबर से शुरू होने वाले इस मुकाबले के लिए किशन की जगह पूर्वी क्षेत्र की टीम में ओडिशा के आशीर्वाद स्वैन को शामिल किया गया है। किशन को चोट के कारण कई टांके लगाने पड़े, यही वजह है कि उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ ओवल में होने वाले पांचवें और अंतिम टेस्ट से पहले ऋषभ पंत की जगह नहीं चुना गया था, क्योंकि सुपरस्टार बल्लेबाज पैर की चोट के कारण बाहर हो गए थे। आखिरकार, ध्रुव जुरेल के बैकअप के रूप में तमिलनाडु के नारायण जगदीशन को उनकी जगह लिया गया।

किशन की चोट गंभीर नहीं है क्योंकि पूर्वी क्षेत्र के लिए अभियान के पहले मैच में न खेल पाना एहतियाती कदम है क्योंकि वह अगले महीने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू मैदान पर दो चार दिवसीय मैच खेलने वाली भारत ए टीम में शामिल होने के लिए दौड़ में हो सकते हैं। किशन बेंगलुरु स्थित भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में अपनी रिकवरी और मूल्यांकन जारी रखेंगे। कुमार कुशाग्र उनकी जगह पहली पसंद के विकेटकीपर के रूप में खेल सकते हैं। इसके अलावा पूर्वी क्षेत्र को तेज गेंदबाज आकाश दीप की सेवाएं भी नहीं मिलेंगी क्योंकि उन्हें आराम करने की सलाह दी गई है। उनकी चोट या अन्य परेशानी को लेकर कोई जानकारी नहीं है। हाल ही में इंग्लैंड दौरे पर जहां वह पीठ दर्द के कारण चौथे टेस्ट मैच में नहीं खेल पाए थे, उन्होंने तीन टेस्ट मैचों में 13 विकेट लिए थे, जिसमें बर्मिंघम में 10 विकेट भी शामिल है और उन्होंने ओवल में अंतिम टेस्ट मैच में एक शानदार अर्धशतक भी बनाया था। असम के मुख्तार हुसैन ने अभिमन्यु ईश्वरन की अगुवाई वाली टीम में उनकी जगह ली है। ईस्ट जोन अपने अभियान की शुरुआत शुभमन गिल की अगुवाई वाले नॉर्थ जोन के खिलाफ स्टेडियम में करेगा। रियान पराग, ईश्वरन को उप-कप्तान के रूप में अपनी सेवाएं देंगे। टीम में मोहम्मद शमी भी शामिल हैं, जिन्होंने पिछले दो सालों में सिर्फ एक प्रथम श्रेणी मैच खेला है ।

## भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने डायमंड लीग फाइनल के लिए क्वालिफाई किया, इस दिन होगा मुकाबला



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने डायमंड लीग 2025 फाइनल के लिए क्वालिफाई कर लिया है। यह मुकाबला स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख में 27 और 28 अगस्त को होगा। गत विश्व चैंपियन नीरज ने 16 अगस्त को पोलैंड के सिलेसिया डायमंड लीग मीट में हिस्सा नहीं लिया था और उनके 22 अगस्त को ब्रसेल्स में होने वाले अगले डायमंड लीग चरण में हिस्सा लेने की भी जानकारी नहीं है।

**तालिका में तीसरे स्थान पर मौजूद नीरज :** हालांकि, इससे कोई फर्क नही पड़ता है कि वह ब्रसेल्स में हिस्सा लेंगे या नहीं क्योंकि नीरज ने सिलेसिया चरण के बाद जारी नवीनतम तालिका के हिसाब से डायमंड लीग फाइनल के लिए जगह पक्की कर ली है। नीरज ने दो डायमंड लीग मीट में हिस्सा लिया और वह 15 अंक लेकर तीसरे स्थान पर हैं। नीरज एक चरण में शीर्ष पर रहे थे, जबकि एक अन्य डायमंड लीग मीट में दूसरे स्थान पर थे। नीरज से आगे 17 अंक लेकर केशोर्न वालकॉट और 15 अंकों के साथ जूलियन वेबर हैं। ब्रसेल्स चरण के बाद तालिका में शीर्ष छह पर रहने वाले एथलीट ज्यूरिख में होने वाले डायमंड लीग फाइनल के लिए क्वालिफाई करेंगे।

**इस सीजन बेहतरीन रहा है नीरज का प्रदर्शन :** नीरज ने आखिरी बार पांच जुलाई को बंगलूरू में हुए नीरज चोपड़ा क्लासिक में हिस्सा लिया था जहां उन्होंने 86.18 मीटर का थ्रो कर खिताब जीता था। नीरज के लिए यह सीजन अब तक शानदार रहा है क्योंकि उन्होंने मई में दोहा डायमंड लीग में बहुप्रतिक्षित 90 मीटर का आंकड़ा पार कर लिया था। उन्होंने 90.23 मीटर का अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो फेंका था और वह वेबर के बाद दूसरे स्थान पर रहे थे।

## डल झील में होगा पहला खेलो इंडिया वाटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल, 21 से 23 अगस्त तक दिखेगा नया नजारा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** डल झील पहली बार एक नए अंदाज में देश के सामने आने को तैयार है। जम्मू-कश्मीर की पहचान बन चुकी इस झील में खेलो इंडिया वाटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल का आयोजन 21 से 23 अगस्त तक होगा। यह पहला मौका होगा जब राष्ट्रीय स्तर की ओपन वॉटर स्पोर्ट्स प्रतियोगिता यहां आयोजित की जाएगी। इस तीन दिवसीय खेल महाकुंभ में देशभर के 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से 400 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे।

**छह खेलों में होगी प्रतिस्पर्धा :** फेस्टिवल में कुल छह खेल होंगे, जिनमें तीन पदक इवेंट रोइंग, कायाकिंग और कैनोइंग शामिल हैं। इसके अलावा डेमो इवेंट्स के तौर पर वॉटर स्कीइंग, ड्रैगन बोट रेस और शिकारा स्प्रिंट भी आयोजित किए जाएंगे, जो दर्शकों के लिए खास आकर्षण रहेंगे। गुलमर्ग पहले ही खेलो इंडिया विंटर गेम्स के जरिए देश का प्रमुख विंटर स्पोर्ट्स हब बन चुका है। अब डल झील को वाटर स्पोर्ट्स गंतव्य बनाने की कोशिश की जा रही है। इस आयोजन से न सिर्फ एथलीट्स बल्कि हाउसबोट मालिकों और स्थानीय कारोबारियों को भी फायदा मिलने की उम्मीद है। आयोजन की तैयारी के लिए झील की सफाई और डिवीडिंग जैसे काम तेजी से किए गए हैं।

**खिलाड़ियों और विशेषज्ञों की उम्मीदें :** जाने-माने कायाकिंग और कैनोइंग खिलाड़ी व ओलंपिक जज बिलक़िस मीर ने कहा, यह सिर्फ एक आयोजन नहीं, बल्कि भारत में वाटर स्पोर्ट्स के नए युग की शुरुआत है। हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया का आभार मानते हैं। अब तक 15 राष्ट्रीय पदक जीतने वाले युवा खिलाड़ी मोशिन अली ने कहा कि वह डल झील में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचना चाहते हैं। कोच मुहम्मद इम्तियाज़ का मानना है कि जैसे गुलमर्ग विंटर स्पोर्ट्स का केंद्र बना, वैसे ही यह फेस्टिवल डल झील को वाटर स्पोर्ट्स के नक्शे पर चमकाएगा।

**सांस्कृतिक रंग भी होंगे खास :** इस आयोजन को कश्मीर की संस्कृति से भी जोड़ा गया है। फेस्टिवल का मैस्कॉट हिमालयन किंगफिशर है जबकि लोगो में डल झील का शिकारा शामिल किया गया है। शिकारा चलाने वाले मुहम्मद रफीक मल्ला ने कहा कि इस आयोजन से झील में रहने वाले लोगों को भी नए अवसर मिलेंगे। खेलो इंडिया वाटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल खेलो इंडिया कैलें डर में शामिल नई प्रतियोगिता है। यह आयोजन गुलमर्ग में खेलो इंडिया विंटर गेम्स के बाद जम्मू-कश्मीर में होने वाला दूसरा बड़ा इवेंट होगा। 2017-18 में शुरू हुई खेलो को अवसंरचना का विकास करना है।

# जुलाई माह की सीएम हेल्पलाइन के निराकरण पर फोकस करें, सभी विभाग ए और बी श्रेणी में पहुंचने का प्रयास करें : कलेक्टर

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन की ग्रेडिंग जारी होने में 2-3 दिन का समय शेष है। सभी विभाग जुलाह माह की सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों में फोकस कर अधिकाधिक रूप से संतुष्टिपूर्ण निराकरण पर ध्यान दें। उन्होंने कहा कि सभी विभाग ए श्रेणी में आने का प्रयास करें। सोमवार को समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा की। इस मौके पर सहायक कलेक्टर अनिकेत शांडिल्य, एसडीएम सोमेश द्विवेदी, डिप्टी कलेक्टर बीके मिश्रा, अधीक्षण यंत्री प्रमिल मिश्रा सहित जनपद के सीईओ, नगरीय निकायों के सीएमओ तथा विभाग प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।



कलेक्टर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में शिकायतकर्ता से बातचीत करें तो संतुष्टिपूर्ण निराकरण का प्रतिशत बढेगा। नागरिक आपूर्ति निगम, ऊर्जा, नगरीय विकास, राजस्व, लोक स्वास्थ्य, जल संसाधन, सामान्य प्रशासन विभाग और अधिक मेहनत कर बी अथवा ए श्रेणी में आये। प्रधानमंत्री आवास शहरी योजना की समीक्षा में कलेक्टर ने नगरीय निकायवार समीक्षा करते हुए कहा कि कच्चे घरों की अधिकता वाली बस्ती को चिन्हित कर आबादी अथवा धारणाधिकार प्राप्त हितग्राहियों की भूमि पर प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी का प्रोजेक्ट बनायें। उन्होंने चित्रकूट नगर पंचायत के थर पहाड, बटोही और पोखरवार के रहवासियों के लिए भी प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत बडे प्रोजेक्ट बनाने के निर्देश दिये। नगर पंचायत चित्रकूट के सीएमओ अंकित सोनी के बिना पूरी तैयारी किये बैठक में शामिल होने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। इसी तरह रामपुर बघेलान नगर पंचायत में बन चुके प्रधानमंत्री आवास एएचपी घटक में अब तक हितग्राहियों को शिफ्ट नहीं करने पर सीएमओ को एक सप्ताह की वेतन काटने कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गयें।

कलेक्टर ने कहा कि गुरूवार को अपरान्ह 3 बजे से एसडीएम, तहसीलदार, सीएमओ की बैठक लेकर प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी की समीक्षा की जायेगी। इसी प्रकार गुरूवार की शाम 4 बजे से एसडीएम, तहसीलदार, जिला संयोजक जनजातीय कार्य, संबंधित ग्राम पंचायत के सचिव, पटवारी और वन विभाग के बीट गार्ड की बैठक लेकर वन अधिकार अधिनियम के तहत दावों के निराकरण और समीक्षा की जायेगी। बताया गया कि ऐसे 10 गांव है। जिनमें वन अधिकार अधिनियम के तहत समस्या आ रही हैं

अंतर्रविभागीय मामलों में कलेक्टर ने रीवा-सतना रेल्वे लाइन दोहरीकरण के भू-अर्जन की समीक्षा की। उन्होंने बगहाई कोठार में रेल्वे का कार्य रोकने वाले व्यक्तियों की सूचना नहीं देने पर रेल्वे के अधिकारियों पर नाराजगी जाहिर की। कलेक्टर ने पूर्व में निर्देशित किया था कि जिले में विकास परियोजनाओं के कार्य रूकने नहीं चाहिए। कही रूकावट की स्थिति हो तो संबंधित एसडीएम और कलेक्टर को विभाग सूचित करेंगे। रेल्वे लाइन दोहरीकरण के भू-अर्जन कार्य में लेट-लतीफी पर कलेक्टर ने एसडीएम रामपुर बघेलान आरएन खरे को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।

## किराना दुकान में डीप फ्रीजर का कंप्रेशर फटा, लगी आग; 10 लाख का नुकसान



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** लोहरौरा गांव में रविवार रात किराना दुकान में रखे डीप फ्रीजर का कंप्रेशर ब्लास्ट हो गया। इससे विनीत गुप्ता उर्फ रिंकू सेठ की दुकान में रात करीब डेढ़ बजे आग लग गई। दुकान के आगे सामान रखा था और पीछे घर था। ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी। स्थानीय लोगों ने सीढ़ी लगाकर आग बुझाने का प्रयास किया।

**तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया:** चार दमकल वाहनों की मदद से तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। दुकान में रखा लाखों रुपए का सामान जलकर नष्ट हो गया। सौभाग्य से इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। यदि आग पीछे बने घर तक पहुंच जाती तो बड़ा नुकसान हो सकता था।

**10 लाख के नुकसान का अनुमान:** शुरुआती अनुमान के अनुसार आगजनी से लगभग 10 लाख रुपए की क्षति होना बताया जा रहा है।कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंचकर घटना की जांच कर रही है।

## डॉक्टरों की लापरवाही से गर्भ में बच्चे की मौत, हालत बिगड़ने पर रीवा रेफर किया



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** जिला अस्पताल में चिकित्सकीय लापरवाही का एक गंभीर मामला सामने आया है। मझगवां के पनघटी गांव की राजकुमारी कोल को रविवार सुबह प्रसव पीड़ा होने पर परिजन जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने नॉर्मल डिलिवरी का आश्वासन देकर भर्ती कर लिया।

**गर्भ में हुई बच्चे की मौत:** डॉक्टरों ने एक-दो घंटे में सब ठीक होने का भरोसा दिया, लेकिन पूरे दिन कोई उचित इलाज नहीं किया गया। रात करीब 10 बजे डॉक्टरों ने गर्भस्थ शिशु की मौत की सूचना दी। इसके बाद महिला को वार्ड से बाहर निकाल दिया गया।

**आधी रात परिजन एंबुलेंस के लिए भटकते रहे:** महिला के रिश्तेदार उमेश कोल ने बताया कि प्रसव पीड़ा बढ़ने पर डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल के बजाय निजी अस्पताल में सोनोग्राफी के लिए भेज दिया। रिपोर्ट आने के बाद महिला को रीवा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। अस्पताल ने एम्बुलेंस की व्यवस्था भी नहीं की। परिजन आधी रात को एम्बुलेंस की तलाश में भटकते रहे।

**जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन:** यह घटना जिला अस्पताल में चल रहा डॉक्टरों और प्रबंधन की बड़ी लापरवाही उजागर करती है। सरकार मातृ-शिशु स्वास्थ्य योजनाओं पर करोड़ों रुपए खर्च कर रही है। फिर भी जिला अस्पताल में समय पर इलाज और मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। सीएमएचओ डॉ एल के तिवारी ने इस मामले को लेकर कहा कि जांच कराई जाएगी और फिर कार्रवाई की जाएगी।

## रक्तदान जागरूकता की झांकी के साथ शामिल हुआ सिन्धु विकास समिति परिवार



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** विश्व हिन्दू परिषद के स्थापना दिवस पर आयोजित श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर निकली शोभायात्रा में समाजसेवी संस्था सिन्धु विकास समिति परिवार रक्तदान जागरूकता झांकी के साथ शामिल हुआ। शोभायात्रा में संस्था के संरक्षण श्रीचंद मनवानी गोपी गेलानी अध्यक्ष विनोद गेलानी संजय वाधवानी विजय जग्यासी अशोक चांदवानी रंजीत सेनानी मनीष सदानी अनिल मोटवानी केशव माखीजा अमित कामरानी अमित घोघवानी सहयोगी जेठानंद वाधवानी बसंत शर्मा रूपेश वलेचा घनश्यामदास अच्छडा रूपचंद सचदेव विनोद मंघनानी अमित भावनानी,योगेश दासानी विशाल गेलानी संतोष अग्रवाल प्रदीप अग्रवाल एवं कई सम्माननीय सदस्य गण प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## शराबियों नशेडियों का कहर, बेपटरी हुई मैहर की कानून व्यवस्था, आस्था पर चोट मंदिरों पर हमला बर्दास्त नहीं : महेश तिवारी

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** मैहर में एकबार फिर मुगलकाल की याद ताजा हो गई। जिस तरह से हमारी आस्था के केंद्र हमारे मंदिर में तोड़फोड़ की गई हमारी मूर्तियों को तोड़ने का कार्य किया अंदर से झकझोर दिया। हिंदूवादी नेता महेश तिवारी ने कहा कि धार्मिक नगरी मैहर में नशेडियों का ऐसा आतंक समझ से परे है आंकड़ों की बाजीगरी दिखाकर हम कितनी भी पीठ थपथपा ले लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि मैहर में तमाम तरह के नशे का खुमार सर चढ़ कर बोल रहा है। आज शहर के चौबीसों वार्ड में नशेडियों का लगता जमावड़ा कानून व्यवस्था के दावे की धज्जियां उड़ा रहा है। सरेआम शहर के हर चाक चौराहों में शराब और अन्य नशे में डूबे नजर आते है सरेआम मदिरा कोरेक्स गंजा जैसे व्यापार की मंडी देखी जा सकती है लोगो का मोहल्लों में रह पाना दूभर हो रहा है महिलाओं का घरों से निकलना दूभर हो रहा है शाम के समय जिधर देखो उधर नशेडियों की अटखेलिया परवान चढ़ती नजर आती है।रात की गश्ति सिर्फ हाइवे में जानवरों से लदे ट्रैकों की वसूली में गुजर जाती है शहर में क्या हो रहा है कहा कौन नंगा नाच नाच रहा है शायद



वास्ता ही नहीं रह गया। पुलिस अधीक्षक महोदय जब कभी टास्क मिलता है तो रात के समय थाने का औचक निरीक्षण कर कर्तव्यों की इतिश्री कर लेते है। अगर इस तरह इस धार्मिक नगरी में कानून व्यवस्था रही तो तो न आम आदमी सुरक्षित होगा और न ही यहां के धार्मिक स्थल। हमारा सुझाव है कि खूब पिलाइए लोगो को शराब खूब अन्य तमाम नशे बिकवाइए लेकिन एक जगह निर्धारित कर दीजिए एक बाड़ा बनवाइए और नशे से सराबोर कर दीजिए लोगो को लेकिन जो हर गली हर मोहल्ले को मयखाने और नशा केंद्र में तब्दील किया गया है इसके लिए रहम करिए आम लोगों पर हमारे माताओं बहनों पर हमारे मठ मंदिरों पर हमारी आस्थाओं में ऐसा कुठाराघात तो न करिए कुछ तो जिम्मेवारी समझिए। आंकड़ों की बाजीगरी में उलझा के आईजी रीवा के सपनों पर जो सेंधमारी कर यहां खेल खेला जा रहा है यह उचित नहीं। पूरा मैहर जानता है कि शहर में कहा कहा गंजा बिकता है कोरेक्स मेडिकल के अन्य नशे कहा कहा बिकते है शराब चौबीस वार्ड में कोई एक वार्ड पुलिस बता दे जो मदिरा मुक्त हो माई के धाम को तो बक्सा नहीं गया बाकी के हालात तो महसूस करने की बात है। अज्ञात में मामला दर्ज कर कर्तव्यों की इतिश्री कर लेना अपनी पीठ थपथपा लेने मात्र से काम नहीं चलेगा आरोपियों को चिन्हित करना पड़ेगा और कार्यवाही करनी पड़ेगी आखिर पुलिस किस लिए है बाकी घटनाओं की छानबीन तो कर लेती है अंधी हत्याओं का खुलासा तो कर लेती है तो फिर इस मामले में क्यों नहीं। शहर के हालात बद से बदतर हो चुके है अतिशीघ्र सात दिवस के अंदर हमारी आस्था में चोट पहुंचाने वाले चिन्हित नहीं हुए तो विशाल हिन्दू महापंचायत का आयोजन मैहर में किया जायेगा और जिम्मेवारो की ईंट से ईंट बजा दी जाएगी।

## सामाजिक प्रतिभा सम्मान समारोह 24 अगस्त को

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** राष्ट्रीय समाजसेवी संस्था भारतीय सिंधू सभा द्वारा आगामी 24 अगस्त रविवार को अखंड भारत सिन्ध स्मृति दिवस एवं सामाजिक प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन सिन्धी कॉलोनी स्थित माधव गुणवंती हाल में किया गया है जिसको सफलतापूर्वक आयोजित करने के लिए 17 अगस्त रविवार को संस्था अध्यक्ष अशोक चांदवानी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित कर कार्य विभाजन करके संस्था पदाधिकारियों को पृथक पृथक दायित्व सौंप कर तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। संस्था के महामंत्री विनोद गेलानी ने जानकारी देते हुए बताया प्रतिभा सम्मान समारोह के मुख्यअतिथि महेश ठारवानी प्रदेश महामंत्री, विशिष्ट अतिथि लालचंद लालवानी प्रदेश उपाध्यक्ष, सतीश सुखेजा प्रदेश उपाध्यक्ष, विक्रम चौधरी संभाग प्रभारी एवं गोपी गेलानी पार्षद, मनीष टेकवानी पार्षद, के विशेष अतिथि एवं संस्थाध्यक्ष अशोक चांदवानी की अध्यक्षता में आयोजित किया जाएगा। गेलानी ने बताया इस अवसर पर समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय सेवा देने वाले सम्मानीय शख्सियत को सिंधु रत्न से विभूषित किया




जाएगा एवं श्रेष्ठ सामाजिक व्यक्तित्व सम्मान सर्वश्रेष्ठ कार्यकर्ता सम्मान वरिष्ठ नागरिक सम्मान भी देकर समाजसेवियों को सम्मानित किया जाएगा। बैठक में संस्था के संरक्षक गोपी गेलानी श्रीचंद मनवाणी प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश सुखेजा संभाग प्रभारी विक्रम चौधरी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गोपीचंद कापड़ी विजय जगयासी युवा शाखा प्रदेश मंत्री देवेंद्र सत्यवानी अध्यक्ष अशोक चांदवानी अशोक आहूजा विनोद गेलानी रंजीत सेनानी संजय आहूजा इंद्रलाल कापड़ी किशोर वलेचा शंकर सेनानी बन्नू बसंत खत्री नारायणदास गुलाबी मनीष सदानी एवं कई सम्मानिय सदस्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## शहीद स्मारक तोड़फोड़ पर नागौद में पदयात्रा

### 12 किमी चले ग्रामीण, सुरक्षा व देशद्रोह मुकदमे की मांग की

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** जिले के नागौद क्षेत्र में शहीद मनमोहन सिंह के स्मारक में हुई तोड़फोड़ के विरोध में सोमवार को बड़ी संख्या में लोगों ने पदयात्रा निकाली। यात्रा में शहीद की पत्नी श्यामा सिंह भी तिरंगा लेकर शामिल हुईं। पदयात्रा शहीद स्मारक से शुरू होकर तिलगवा मोड़, रेउंसा, मढ़ी मोड़ और माड़ाटोला होते हुए नागौद एसडीएम कार्यालय तक पहुंची। यात्रा के दौरान लोगों ने शहीद के सम्मान में नारे लगाए और न्याय की मांग की। शहीद मनमोहन सिंह परिहार केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल में कार्यरत थे। वे 11



मार्च 2014 को छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में नक्सली हमले में शहीद हो गए थे। उनकी याद में गांव सेमरी में स्मारक बनाया गया था। 4 अगस्त को कुछ असामाजिक तत्वों ने स्मारक से बंदूक काट कर चुरा ली थी।

**सीसीटीवी कैमरा लगवाने की मांग:** चंद्रशेखर आजाद पूर्व सैनिक संगठन और स्थानीय लोगों ने एसडीएम नागौद जितेंद्र वर्मा को ज्ञापन सौंपा। इसमें स्मारक की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे और बिजली की व्यवस्था की मांग की गई है। साथ ही दोषियों पर देशद्रोह का मुकदमा दर्ज करने की मांग भी की गई।

## संदीपनी विद्यालय में एबीवीपी का प्रदर्शन, छात्र संगठन ने दी आंदोलन की चेतावनी, प्रशासन को सौंपा ज्ञापन



**मीडिया ऑडीटर, मैहर (निप्र)।** संदीपनी विद्यालय में छात्रों को मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने सोमवार को इस मुद्दे पर जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है। विद्यालय में छात्राओं के लिए शौचालय और सैनिटरी पैड वेंडिंग मशीन नहीं हैं। भवन निर्माण की गुणवत्ता खराब है। नई इमारत में दरारें आ गई हैं। परिसर में खुले बिजली के तार दुर्घटना का कारण बन सकते हैं।

एडमिशन प्रक्रिया में अनियमितताएं पाई गई हैं। मेधावी गरीब छात्रों को प्रवेश से वंचित किया जा रहा है। कक्षाओं में पंखे और पीने के पानी के लिए वाटर कूलर नहीं हैं। सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे हैं। सुरक्षा व्यवस्था कमजोर है। गार्ड की ओर से छात्राओं से दुर्व्यवहार और छात्रों की पिटाई की शिकायतें हैं। प्राचार्य अभिभावकों से अभद्र व्यवहार करते हैं। एबीवीपी ने चेतावनी दी है कि अगर समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो वे अनिश्चितकालीन आंदोलन करेंगे।

**विद्यालय पर दबाव बनाने की कोशिश:** विद्यालय के प्राचार्य जीपी गोस्वामी का कहना है कि संगठन एक व्यक्ति का एडमिशन करवाना चाहता था। यह संभव नहीं हो सका। इसलिए विद्यालय पर दबाव बनाने के लिए ये मुद्दे उठाए जा रहे हैं। मामले की जानकारी एसडीएम विकास सिंह को दे दी गई है।

# डबल लॉक वितरण केन्द्रों में प्रात : 7 बजे से 11 बजे तक बटेंगे टोकन, प्रात : 11 बजे से शुरू होगा खाद वितरण

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस के निर्देशानुसार सतना जिले के किसानों को सुगमता पूर्वक डबल लॉक वितरण केन्द्रों से खाद का वितरण किया जा सके। इसके लिए 19 अगस्त से सतना स्थित जिला विपणन संघ के संचालित डबल लॉक वितरण केन्द्रों में नई व्यवस्था प्रारंभ की जा रही है। इसके अनुसार जिला विपणन संघ के डबल लॉक वितरण केन्द्र शेरगंज और डबल लॉक वितरण केन्द्र सिविल लाइन के वितरण स्थल कृषि अभियांत्रिकी कार्यालय में प्रात: 7 बजे से प्रात: 11 बजे तक किसानों को टोकन वितरित किये जायेंगे। इसके उपरांत खाद




वितरण कार्य इन्हीं स्थानों पर प्रात: 11 बजे के बाद शुरू होगा।

उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास आशीष पाण्डेय ने बताया कि सतना जिले में जिला विपणन संघ के दोनों डबल लॉक स्थल पर प्रात: 7 बजे से टोकन बांटे जायेंगे। टोकन प्राप्त करने के लिए किसानों को आधार कार्ड, ऋण पुस्तिका और खसरा अनिवार्य होगा। कार्यालय कृषि अभियांत्रिकी सतना के परिसर में निजी फुटकर उर्वरक विक्रेताओं के काउंटर भी लगाये जायेंगे। जहां पर पीओएस मशीन से स्टाक की उपलब्धता के अनुसार वितरण पर्ची टोकन जारी किये जायेंगे। जिन किसानों को सोमवार के दिन पास मशीन से वितरण पर्ची प्राप्त नहीं हुई है। वे 19 अगस्त को प्रात: 7 बजे पहुंचकर अपनी वितरण पर्ची प्राप्त कर सकते हैं। जिले में उच्च गुणवत्ता व मानक स्तर के उत्पाद कृषकों को उपलब्ध कराने के दृष्टिगत कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस द्वारा अधिकारियों को निरंतर निरीक्षण के आदेश दिये गये हैं। इसके अनुसार सोमवार के दिन सभी एसडीएम, तहसीलदार, सहकारिता, केन्द्रीय सहकारी बैंक और मार्कफेड विभाग के अधिकारियों को कलेक्टर ने टीएल बैठक से छूट प्रदान करते हुए फील्ड में जाकर किसानों को सुगमतापूर्वक उर्वरक वितरण कराने के निर्देश दिये गये थे। आदेश के परिपालन में खरीफ सीजन 2025 में जिला स्तरीय निरीक्षण दल एवं विकासखण्डों में पदस्थ निरीक्षकों द्वारा आदान विक्रय संस्थानों का सतत रूप से निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान आदान विक्रय संस्थानों में पाई गई अनियमितताओं पर सोमवार तक 4 एफआई.आर. दर्ज कराई गई है। जिला स्तरीय निरीक्षण दल एवं विकासखण्डों में पदस्थ निरीक्षकों को निर्देशित किया गया है कि आदान विक्रय संस्थानों का सतत निरीक्षण एवं मॉनीटरिंग की जाये एवं अनियमितता पाये जाने पर उर्वरक, बीज एवं कीटनाशक अधिनियम के अनुसार नियमानुसार कार्यवाही की जाये।

## पैथालाजी जांच के लिए आभा आईडी अनिवार्य

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा चिकित्सालयों में वेट लीज रिएजेंट रेंटल के माध्यम से चयनित एजेंसी के द्वारा पैथालाजी लैब के संचालन एवं राज्य स्तर व अनुबंधित सेवा एजेंसी की सहमति से व्यवस्था की गई है। सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. मनोज शुक्ला द्वारा निर्देशित किया गया है कि सेवा प्रदाता द्वारा यह सुनिश्चित किया जाये।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया प्रकाशन रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय प्रभात बिहार कॉलोनी सतना से प्रकाशित, संपादक संदीप द्विवेदी आर.एन.आई नं.एमपीएचआईएन/2021/81683
प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9407132714, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।